इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## महाराष्ट्र : एकनाथ शिंदे को सीएम पद का लालच नहीं, लेकिन शर्तें रखकर भाजपा की उड़ाई नींद !

मुंबई। महाराष्ट्र में सीएम को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इसकी जड़ में कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे हैं। शिंदे ने गुरुवार को ठाणे में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे सीएम पद का लालच नहीं है। मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में मुझे पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह का साथ मिला। मेरी ओर से सरकार बनाने में कोई समस्या नहीं होगी। पीएम मोदी और शाह जो भी फैसला लेंगे मुझे मंजूर होगा। वहीं अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि शिंदे ने बीजेपी के सामने एक-दो नहीं, बल्कि तीन शर्तें रख दी हैं। इन शर्तों ने बीजेपी की नींद उड़ा दी है। आइए, जानते हैं कि शिंदे ने क्या शर्तें रखी हैं।

### एकनाथ शिंदे की पहली शर्त

शिंदे ने अमित शाह के साथ हुई बैठक में कहा कि विधानसभा चुनाव मेरे नेतृत्व में लड़ा गया था। इसलिए सीएम पद पर मेरा दावा बनता है। महिला मतदाताओं, मराठा और ओबीसी समुदाय ने मेरे नेतृत्व पर भरोसा जताकर वोट दिया। ऐसे में अगर मुझे सीएम नहीं बनाया गया, तो इससे इन वर्गों में गलत संदेश जाएगा।

### एकनाथ शिंदे की दूसरी शर्त

शिंदे ने यह भी कहा कि अगर बीजेपी मुख्यमंत्री पद पर अपने नेता को नियुक्त करती है, तो गृह, वित्त और राजस्व जैसे अहम विभाग शिवसेना को दिया जाए। शिंदें ने कहा कि मेरा मानना है कि यह सत्ता संतुलन बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।



### दिल्ली की बैठक रही बेनतीजा

288 सदस्यीय विधानसभा में महायुति ने 230 सीटें जीती हैं, लेकिन सत्ता का बंटवारा मुश्किल हो गया है। दिल्ली में अमित शाह, जेपी नड्डा और शिंदे की बैठक के बावजूद सहमति नहीं बन सकी। शिंदे ने दावा किया कि चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा गया, और जनता ने उनके नाम पर वोट दिया। उन्होंने अमित शाह को कई सर्वे भी दिखाए, जिसमें वे जनता की पहली पसंद बताए गए।

### एकनाथ शिंदे की तबीयत अचानक से बिगड़ी, जांच के लिए घर पहुंची डॉक्टरों की टीम

महाराष्ट्र के कार्यवाहक कारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शनिवार 30 नवंबर को अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद डॉक्टरों का एक दल उनके घर पर इलाज के लिए पहुंचा है। शिंदे पिछले एक-दो दिन से सर्दी और वायरल बुखार से परेशान हैं। आज शनिवार सुबह से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। शिंदे पिछले एक महीने से राज्य का चुनावी दौरा कर रहे थे। वहीं पिछले कुछ दिनों से सैकड़ों बैठक करने के कारण बुखार और सर्दी जैसे वायरल संक्रमण से जूझना पड़ रहा है। शिंदे की अचानक तबियत खराब हो गई है। इसके बाद शिंदे अपने घर में ही आराम कर रहे हैं। वहीं डॉक्टरों की एक टीम उनके घर पर इलाज के लिए पहुंची है।

### एकनाथ शिंदे की तीसरी शर्त

शिंदे ने कहा कि अगर मेरी पहली दो शर्तें नहीं मानी जातीं, तो शिवसेना सरकार का हिस्सा नहीं बनेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सस्पेंस खत्म, भाजपा से होगा महाराष्ट्र का अगला सीएम, अजित पवार ने किया दावा



मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की शानदार जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को आया था, लेकिन तब से सीएम चेहरे को लेकर पेंच फंसा हुआ था। इसी बीच एनसीपी प्रमुख अजित पवार का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि बैठक (महायुति नेता की दिल्ली बैठक) के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि महायुति बीजेपी के सीएम के साथ सरकार बनाएगी और शेष दो दलों के डिप्टी सीएम होंगे। यह पहली बार नहीं है जब देरी हुई है। अगर आपको याद हो 1999 में सरकार गठन में एक महीने का समय लगा था। इससे पहले एकनाथ शिंदे भी खुद को सीएम पद की रेस से अलग कर चुके हैं। ऐसे में अजित पवार के इस बयान से स्पष्ट होता है कि महाराष्ट्र में सीएम बीजेपी से ही हो सकता है।

### 5 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह

बता दें कि महाराष्ट्र में सीएम का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। इस बारे में महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति को ऐतिहासिक जीत मिली है। महायुति का शपथ ग्रहण समारोह पीएम मोदी की उपस्थिति में मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को शाम 5 बजे होगा।

### सीएम पद की रेस से एकनाथ शिंदे भी हटे

एकनाथ शिंदे ने इससे पहले सीएम पद की रेस में खुद को अलग कर लिया था। दरअसल, पिछले दिनों एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर जनता को धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा था कि ये लैंड्स्लाइड जीत है। लोगों ने महायुति पर भरोसा जताया। सीएम पद को लेकर कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह से मेरी बात हुई है, आलाकमान जो भी तय करेगा वो स्वीकार है। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि बीजेपी अपना सीएम बनाए, शिवसेना इस फैसले का पूरा समर्थन करेगी।

### विधानसभा चुनाव में जीती महायुति

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 20 नवंबर को मतदान हुआ था। विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को आए थे। इस बार महायुति और महाविकास अघाड़ी में सीधी टक्कर थी। महायुति ने 230 सीटों पर जीत हासिल की वहीं महाविकास अघाड़ी ने मात्र 46 सीटों पर जीत हासिल की। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटें जीती है। बीजेपी ने 132 सीटें जीती हैं वहीं शिवसेना ने 57 और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटें जीती है।

## 2024 बैच के आईएएस अधिकारियों का कैडर लिस्ट हुआ जारी



### छत्तीसगढ़ को मिले 3 आईएएस ऑफिसर

रायपुर (दावा)। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने 2024 बैच के आईएएस अधिकारियों को उनके कैडर आवंटित कर दिए हैं। इस बैच में कुल 180 अधिकारियों को विभिन्न राज्यों में कैडर मिला है, छत्तीसगढ़ को इस बार 3 आईएएस अधिकारी मिले हैं, जिनमें सभी अन्य राज्यों से हैं। आवंटन सूची जारी होने के बाद अब संबंधित राज्य सरकारें इन अधिकारियों की पोस्टिंग करेंगी।

### तीन अधिकारियों को मिला छत्तीसगढ़ कैडर

पश्चिम बंगाल के निवासी अक्षय दोशी ने यूपीएससी में 75वीं रैंक प्राप्त किया है, उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला है और वे जनरल कैटेगरी से आते हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी विपिन दुबे ने को भी छत्तीसगढ़ कैडर मिला है, उन्होंने यूपीएससी में 238वीं रैंक हासिल किया है और वे भी जनरल कैटेगरी से हैं। महाराष्ट्र निवासी क्षितिज गुरभेले ने यूपीएससी में 441वीं रैंक प्राप्त किया है, वे अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय की मौजूदगी में बैठक : राइस मिलर और सरकार के बीच गतिरोध खत्म होने के आसार, बात हुई, मिलर आज करेंगे फैसला



रायपुर। छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स और सरकार के बीच कस्टम मिलिंग को लेकर कई दिनों से चल रहा गतिरोध अब समाप्त होने के आसार हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के बीच वार्ता हुई है। इस दौरान सरकार की ओर से मिलरों को कुछ राहत देने के बाद भी सामने आ रही है। लेकिन मिलर्स एसोसिएशन का कहना है कि शनिवार को एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक बिलासपुर में रखी गई है। इस बैठक में सरकार से हुई वार्ता की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद कार्यकारिणी जो फैसला करेगी उसे मान्य किया जाएगा।

### इसलिए था गतिरोध

छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों और सरकार के बीच विरोध इस बात को लेकर था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का 2021-22 से लेकर आगे के वर्षों का मिलिंग का बिल बकाया है। यह राशि करीब 5- 6 हजार करोड़ रुपए की होने का दावा मिलर करते हैं। दूसरी बात ये कि मिलरों को जो प्रोत्साहन राशि 120 रुपए प्रति क्विंटल दी जाती थी उसे घटाकर 60 रुपए कर दिया गया था। इसी प्रकार पुराने बारदानों की कीमत भी अदा नहीं की गई थी। इन मुद्दों को लेकर विरोध में उतरे मिलरों ने इस सीजन की मिलिंग के लिए सरकार से अनुबंध नहीं किया था। इसकी वजह से धान उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी नहीं हो पा रहा था।

### सीएम की मौजूदगी में बैठक, हुई ये बात

मिलरों के साथ गतिरोध को खत्म करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में मिलरों के साथ शुक्रवार को बैठक रखी गई थी। इस बैठक में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्यमंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सहित मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार बैठक में ये बात हुई है कि मिलरों को मिलिंग के लिए प्रोत्साहन राशि 90 रुपए प्रति क्विंटल दी जाएगी। इसी तरह मिलरों की बकाया राशि के मामले में सीएम ने कहा है कि इस संबंध में कैबिनेट की बैठक में विचार करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती निरस्त करने 7 दिन का अल्टीमेटम



### हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार, कहा- नई लिस्ट जल्द करें जारी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में विवादित सहायक शिक्षक भर्ती को लेकर दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने राज्य शासन को फटकार लगाई है। उन्होंने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। नई चयन सूची जारी कर कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। केस की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

दरअसल, राज्य शासन ने नियमों को दरकिनार कर बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षकों के पद पर नियुक्ति दे दी है। मामले में डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती को अवैध बताया है।

कोर्ट ने अयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने का आदेश दिया है। इसके बाद भी राज्य शासन ने अब तक नियुक्ति निरस्त नहीं की है। डीएलएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की है। इसी को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधायक नरेश बाल्यान गिरफ्तार, जबरन वसूली केस में दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई



नई दिल्ली। आप विधायक नरेश बाल्यान को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 2023 के कथित जबरन वसूली मामले में अपराध शाखा द्वारा उनसे पूछताछ की जा रही थी। नरेश बाल्यान को इस केस में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को हिरासत में लिया था। आरके पुरम स्थित क्राइम ब्रांच कार्यालय में इनसे लंबी पूछताछ की जा रही थी। बता दें, नरेश बाल्यान उत्तम नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि गैंगस्टर और विधायक के बीच बातचीत के ऑडियो क्लिप का परीक्षण करने के बाद गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले बीजेपी ने आप विधायक नरेश बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था। इसमें गैंगस्टर और बाल्यान के बीच बातचीत रिकॉर्ड थी। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी को गैंगस्टर और वसूली वाली पार्टी बताया है।

### विधायक ने नंदू से बातचीत का वीडियो वायरल किया

जानकारी के मुताबिक, नजफगढ़ के गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से नरेश की बातचीत का एक वीडियो सामने आया था। नंदू यूके में रहता है। वह यूके के दिल्ली के बिल्डर को रंगदारी के लिए कॉल करता था और धमकी देता था। फिर विधायक नरेश उसमें मध्यस्थता कराता था। जो पैसे मिलते थे, उसमें ज्यादा पैसे नरेश खुद रख लेता था और कुछ पैसे नंदू को भिजवा देता था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चक्रवाती तूफान 'फेंगल' पहुंचा चेन्नई के करीब



चेन्नई। बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान 'फेंगल' उत्तरी तमिलनाडु तट के और करीब पहुंच गया है और चेन्नई से करीब 90 किलोमीटर की दूरी पर है। मौसम विभाग ने शहर और उत्तरी तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

मौसम विभाग ने उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और उससे सटे दक्षिणी आंध्र प्रदेश तटों के लिये ताजा जानकारी में कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में चक्रवाती तूफान फेंगल (जिसे फीनजल कहा जाता है) पिछले छह घंटों के दौरान सात किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा है। यह अब आज दोपहर बाद ढाई बजे महाबलीपुरम से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, पुडुचेरी से 80 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 90 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित है। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने और पुडुचेरी के निकट कराईकल और महाबलीपुरम के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में सीबीआई ने सीजीएसटी के दो रिश्वतखोर अफसरों को पकड़ा



### रायपुर में कारोबारी से 60 हजार लेते अधिकारियों को दबोचा

रायपुर (दावा)। रायपुर में सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को दो जीएसटी अफसरों को दवा कारोबारी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। बताया गया कि जीएसटी के सुपरिटेंडेंट इलोंका मिंज और इंस्पेक्टर सौम्य रंजन मलिक जीएसटी की राशि में गड़बडी का सेटलमेंट करने और पेनाल्टी से बचाने के नाम पर घूस मांग रहे थे। शनिवार को सीबीआई ने दोनों अफसरों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जिसमें कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई के बाद दोनों अफसरों के घरों पर सीबीआई की रेड

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के बाद दोनों अधिकारियों के घरों पर देर रात छापेमारी हुई। सीबीआई ने घरों से भी सबूत जुटाए हैं। मिंज और मलिक ने दवा कारोबारी राहुल वर्मा को 3 लाख रुपए की पेनाल्टी का डर दिखाया था।

### जीएसटी सेटलमेंट के लिए मांगी थी रिश्वत

इसके सेटलमेंट के लिए इन अफसरों ने पहले 75 हजार रुपए मांगे थे। छत्तीसगढ़ में ऐसा पहला मौका है, जब सीजीएसटी अफसरों को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संगठन चुनाव की तैयारी में जुटे भाजपाई



### अनुराग सिंहदेव ने कहा - छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बनाया 60 लाख सदस्य, अगले महीने होगा जिलाध्यक्ष चुनाव

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा कार्यालय में आज बीजेपी संगठन की बड़ी बैठक हुई, सदस्यता अभियान को लेकर प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने कहा, भाजपा ने 86 दिनों में 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा किया, छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए यह बहुत बड़ा अचीवमेंट है। भाजपा ने 15 लाख ऑफलाइन और 45 लाख ऑनलाइन मेंबर बनाए हैं, यह विश्वास का प्रतीक है।

यह काम भाजपा के लोकप्रियता का प्रमाण है, संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने कहा, प्रत्येक 10 वर्षों में संगठन का चुनाव होता है और सदस्य की दृष्टि से सक्रिय सदस्य बनाया जाता है। देश में अब तक 11 करोड़ सदस्य बन चुके हैं, संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 15 से 20 तारीख के बीच में बूथों का चुनाव होना था। 24110 बूथों में 15000 बूथों का हो चुका है, 5 तारीख तक सभी बूथों में निर्वाचन होना है। इसके बाद 15 दिसंबर तक मंडलों का निर्वाचन होना है, जिले के चुनाव के लिए 30 तारीख निर्धारित की गई है।

### मंडल और जिला अध्यक्ष के लिए उम्र की सीमा निर्धारित

श्री पारख ने बताया, पार्टी का स्पष्ट निर्देश है कि युवा पीढ़ी को सक्रिय करना है, 35 से लेकर 45 वर्ष आयु सीमा के युवाओं को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाना है। जिले के लिए निर्वाचन में 45 से 60 वर्ष आयु सीमा निर्धारित है, उनकी टीम में किसी भी उम्र के लोग शामिल हो सकते हैं। एक शर्त यह भी तय किया गया है कि पार्टी का कोई भी मंडल अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष जरूरी है कि वह पार्टी के किसी न किसी दायित्व में रहा हो। अनुभवी व्यक्ति को ही पार्टी का मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा, जिला अध्यक्ष के लिए बीजेपी का 6 साल सक्रिय सदस्य रहना अनिवार्य है। बूथ प्रमुखों से चर्चा करके एक नाम फाइनल होगा।

## अरविंद केजरीवाल पर फिर अटैक, ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा के बीच युवक ने फेंका पानी, आप के निशाने पर दिल्ली पुलिस



दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर अटैक हुआ है. ग्रेटर कैलाश में शनिवार को पदयात्रा के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक युवक ने उनपर लिक्विड फेंक दिया. बाद में पता चला कि वह पानी है. हालांकि, 'आप' का दावा है कि अरविंद केजरीवाल के ऊपर कैमिकल फेंका गया था. युवक को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. कुछ दिनों पहले केजरीवाल के साथ पदयात्रा के दौरान ही धक्का-मुक्की हुई थी. जैसे ही युवक ने केजरीवाल पर पानी फेंका, वहां मौजूद 'आप' कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़ा उसकी पिटाई शुरू कर दी.

इसके बाद पुलिस ने आरोपी को भीड़ से बचाया और उसे लेकर पुलिस स्टेशन चली गई. आरोपी का नाम अशोक झा है. अशोक के हाथ में गिलास था, जिसको पिचकाकर केजरीवाल पर पानी फेंकने की कोशिश की गई.

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान एक शख्स ने अरविंद केजरीवाल पर पानी फेंकने की कोशिश की, जिसके बाद पदयात्रा में तैनात दिल्ली पुलिस के जवानों ने तुरंत उस शख्स को हिरासत में ले लिया. केजरीवाल पर पानी फेंकने वाले युवक से पूछताछ की जा रही है. हमले के बाद 'आप' ने दिल्ली पुलिस पर निशाना साधा और यह भी कहा कि बीजेपी नेताओं पर हमले क्यों नहीं होते. आप ने 'एक्स' पर लिखा, ÷बेशर्म भाजपा ने फिर करवाया केजरीवाल पर हमला. दिल्ली की बिगड़ी कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने पर पदयात्रा के दौरान भाजपा ने केजरीवाल जी पर हमला करवाया. अमित शाह की नाकामी फिर जग जाहिर हुई है, दिल्ली में कानून का राज़ नहीं भाजपाई गुंडों का राज है.

अगर देश की राजधानी में एक पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी का क्या होगा? बीजेपी के राज में दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल पर हमला करके बीजेपी की गंदी राजनीति बहुत नीचे गिर गई है क्योंकि उसे आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में तीसरी बार हार का डर है. उन्होंने चेतावनी दी कि दिल्ली की जनता बीजेपी को सबक सिखाएगी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बारिश होने के आसार बढ़े, समितियों में जमा है करोड़ों के धान

## समितियों से धान का उठाव शुरू, फिर भी जाम की स्थिति

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों मौसम मे खराबी आने से बारिश होने के आसार बढ़े गए हैं ऐसे हालात में समितियों द्वारा खरीदे गए करोड़ों के धान खुले आसमान के नीचे पड़े होने से भीगने का खतरा बढ़ गया है। हांलांकि समितियों में बारिश-पानी से धान को भीगने से बचाने के लिए तालपत्री व अन्य सुरक्षा साधनों की व्यवस्था की गई है फिर भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा साधन के नहीं होने से असुरक्षा बनी हुई है। क्योंकि सोसायटियों में बड़ी मात्रा में धान जाम हैं। जिसका उठाव अभी शुरू नहीं है पाया है। कन्हारपुरी स्थित खरीदी केंद्र में बड़ी मात्रा में धान जाम है। शनिवार रविवार अवकाश होने की वजह से वहां धान के बोरों के जखीरे को बारिश से भीगने से बचाने के लिए कर्मियों द्वारा तालपत्री से ढांकने का असफल प्रयास करते देखे गए।



### बफर लिमिट से ज्यादा खरीदी

बता दे कि जिले की सोसायटियों में धानकी बफर लिमिट हो जाने से धान की खरीदी प्रभावित हो रही है। इधर भारी दबाव के बाद मार्कफेड द्वारा धान का उठाव शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि जिले के चार संग्रहण केंद्रो में धान का भंडारण कराया जाना है। पहले दिन जिले की सोसायटियों से 5060 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। लेकिन अभी भी सोसायटियों में 12 लाख क्विंटल से अधिक धान शेष होने की जानकारी मिल रही है। जिसे बारिश-पानी में भीगने का खतरा उत्पन्न हो गया है। बताते चलें कि 14 नवंबर से धान की खरीदी कराए जाने के चलते धान की आवक में काफी तेजी आई है। प्रतिदिन दो से ढ़ाई लाख क्विंटल धान समितियों में पहुंच रहा है। जिले के अंतर्गत आने वाली 96 सोसायटियों के माध्यम से धान का उपार्जन कराया जा रहा है।31 सौ रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य में ख़रीदी शुरू होने के बाद से किसान भी बड़ी संख्या म समितियां पहुंच कर अपना अधिक से अधिक धान बेंचते नजर आ रहे हैं।

### धान उठाव के लिए डीओ जारी

इधर पखवाड़े भर से चल रही धान खरीदी के बाद समितियों में धान का बफर स्टाक कर लिया गया है। जिले के चार संग्रहण केंद्रों में धान का भंडारण कराया जाना है इसके लिए डीओ जारी कर दिया गया है। धान की बंपर लिमिट हो जाने से समितियों में खरीदी का असर पड़ रहा है। ऐसे में धान का उठाव शुरू हो जाने के बाद काफी हद तक किसानों को राहत मिली है वहीं समिति प्रबंधक भी काफी राहत महसूस कर रहे हैं। पहले दिन जिले के लगे सोसायटियों में ट्रकों के पहुंचने से धान का उठाव शुरू हो गया है। अधिकारियों की मानें तो अधिक से अधिक धान कि उठाव सुनिश्चित करने का प्रयास कराया जा रहा है।

समितियों में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हो जाने के बादसे 15000 से अधिक किसानों ने अपनी धान बेंच चुके है। अभी भी प्रतिदिन किसानों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में समय रहते ?धान का उठाव नहीं कराया गया तो समितियों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो जाएगी वहीं मौसम की खराबी की वजह से इन जाम धान को बारिश- पानी से भीगने से बचाया जाना भी चुनौती साबित होगा।

# रायल किड्स कावेंट के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल आदर्श प्रिंसिपल पुरस्कार से सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय नागरिक विकास केंद्र द्वारा आयोजित चित्रकला, हस्तलेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता में रायल किड्स कांवेंट के छात्रों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्कूल की उत्साही, समर्पण और जुनून को देखते हुए, छात्रों की रैंकिंग के अलावा, दो और श्रेणियाँ थीं- आदर्श प्रिंसिपल पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे स्कूल ने आदर्श प्रिंसिपल और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्राप्त किया है। इसके साथ ही, हमारे 5 छात्रों ने उल्लेखनीय रैंक हासिल की हैं।



रायल किड्स कांवेंट के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल को हाल ही में अखिल भारतीय शिक्षा विकास समिति द्वारा आदर्श प्रिंसिपल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्होंने संस्था निदेशक संजय बहादुर सिंह के हाथों प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बर्सर आईके वैष्णव, प्रिंसिपल एकता खंडेलवाल, सुषमा शुक्ला, उप प्राचार्य ममता मिश्रा और हेड मिस्ट्रेस सरिता सिंह ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अभिषेक खंडेलवाल एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् हैं जिन्होंने कोटा और इंदौर जैसे शहरों में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे मध्य भारत के एक प्रमुख शिक्षाविद् के रूप में जाने जाते हैं। इस पुरस्कार के साथ अभिषेक खंडेलवाल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनकी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है।

# डॉ. रमन सिंह खरखरा बांध से पाइप लाईन जुड़वाकर 24 घण्टे पानी अमृत का दिलवाएं - हेमंत ओस्तवाल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से शहर के विधायक डॉ. रमन सिंह से मांग की है कि जिस तरह आपके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजनांदगांव शहर को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत लगभग 210 करोड़ रूपयों की राशि की स्वीकृति नई पाइप लाईन के विस्तार और 24 घण्टे शहर की आम जनता को पर्याप्त मात्रा में पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो सकें,



उस उद्देश्य से केन्द्र सरकार से यह अमृत मिशन योजना की राशि नगर निगम को भी प्राप्त हुई, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि राजनांदगांव शहर के विधायक जिस तेजी से राशि का आबंटन अपने कार्यकाल में शहर के विकास के लिए उपलब्ध कराते है यदि उस राशि का कितना उपयोग शहर की जनता के विकास के लिए हुआ और कितनी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी, उस पर यदि चिंतन मनन करते हुए ठोस कार्यवाही अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दोषियों के खिलाफ हो जाती तो निगम सीमा में यह अमृत मिशन योजना फेल नहीं होती।

श्री ओस्तवाल ने डॉ. रमन सिंह को यह कहा कि जिस तरह से अमृत मिशन योजना-2 के लिए आपने लगभग 147 करोड़ रूपयों की स्वीकृति दिलायी है उसके लिए उन्हें शहर की आम जनता की तरफ से धन्यवाद है। लेकिन साथ ही आपसे यह अनुरोध है कि इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए राजनांदगांव विधानसभा की भौगोलिक स्थिति का आपको अनुभव चुनाव लड़ने मिल चुका है और राजनांदगांव जिले की जनता ने आपको हमेशा सर आँखों पर बैठाया है। इसलिए जनता के हित में मोहारा से लेकर खरखरा बांध तक लगभग 58 करोड़ रूपयों की राशि की नियम विरूद्ध जो पानी लाने के लिए पाईप लाईन बिछाई गई है लेकिन जल संसाधन विभाग के द्वारा उसकी अनुमति आज दिनांक तक राजनांदगांव नगर निगम को प्राप्त नहीं है, इसलिए खरखरा बांध से पाईप लाईन कनेक्शन जोड़वाकर देंगे तो जनता को खुशी होगी।

# महर्षि पतंजलि योग रत्न से मोनिका साहू सम्मानित

## योग के क्षेत्र में अपने अतुलनीय योगदान के लिए देश की राजधानी दिल्ली में हुई सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। देश की राजधानी दिल्ली में स्थित कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में संस्कारधानी नगरी की प्रतिभावान बेटी मोनिका साहू को महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया।



बता दें कि, मोनिका साहू बीते डेढ़ दशक से योग की साधना कर रही है और इस क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। एक कुशल योग प्रशिक्षक के साथ योगासन खेल की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं। ये योग प्रशिक्षक के रुप में सैकड़ों बच्चों को विगत लम्बे समय से निःशुल्क सेवा दे रही हैं, और संस्कारधानी नगरी में योग को स्थापित करने के साथ-साथ नये उदीयमान खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ाने का ये सतत प्रयास कर रही हैं। योग के एक राष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर इन्होंने देश की कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई स्वर्ण और रजत पदकों से संस्कारधानी नगरी का नाम रोशन किया है। वहीं निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से शहर में कई राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने का श्रेय भी इनको जाता है। इतना ही नहीं स्वयं के खर्च से, नये योग साधकों को और उदीयमान खिलाड़ियों को निःशुल्क साधन और संसाधन उपलब्ध कराने से भी पीछे नहीं हटी। योग को आगे बढ़ाने और जन-जन तक इसका प्रसार करने इन्होंने कई आंदोलन भी किए हैं। योग को आगे बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को एक स्वस्थ जीवन शैली से जोडने का भी यह अनवरत प्रयास करती रही हैं। इनके जीवन का एकमात्र यही उद्देश्य रहा कि, योग सर्वत्र फैले। इतनी कम उम्र में भी ये इतनी सजग रही कि, इन्होंने अपने नेतृत्व में अनेकों जनजागरण अभियान को छेड़ा और योग को जन-जन तक पहुंचाने रात और दिन एक कर दिये, तब जाकर राजनांदगांव की धरा को योग के इस मुकाम तक पहुंचा पाने में सफल रही। नतीजन आज खुद भी योग साधना में जुटी हुई हैं और औरों को भी योग से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। आज राजनांदगांव शहर ने योग के क्षेत्र में जितना भी नाम कमाया है, वह सब इनके परिश्रम की ही बदौलत है, इससे पहले राजनांदगांव का नाम योग के क्षेत्र में कहीं सुनाई भी नहीं देता था, आज देश के मानचित्र में अगर राजनांदगांव का नाम कहीं शुमार हो रहा है, तो वह मोनिका साहू के अथक प्रयासों के कारण ही है। जब से इन्होंने योग के क्षेत्र में कदम रखकर इसकी बागडोर अपने कंधों में संभाली है, तब से राजनांदगांव नित नई ऊंचाईयों को छूता जा रहा है। योग के क्षेत्र में इससे पहले कभी इस तरह के भगीरथ और सार्थक प्रयास नहीं हुए थे। इनके इन्हीं अथक प्रयासों, सेवाभाव और अतुलनीय योगदान के कारण ही इन्हें महर्षि पतंजलि योग रत्न से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. दिनेश शर्मा ने वीडियो संदेश के माध्यम से मोनिका साहू को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कालीपीठ राजर्षि आचार्य पवन दत्त मिश्रा महाराज, प्रधान योगाचार्य योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट स्वामी अमित देव महाराज, मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग के कार्यक्रम अधिकारी (योग थैरेपी) आईएन आचार्य, इंडियन योग एसोसिएशन के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. एसपी मिश्रा, अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार योगेश नारायण दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा राजनेता नितिन पाठक, जेस्चर हेल्थ केयर के संस्थापक डॉ. एके उपाध्याय सहित महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। मोनिका साहू कन्हारपुरी की रहने वाली हैं और गेंदालाल साहू, माता श्रीमती अरुणा साहू की सुपुत्री है।

# एनआईटी रायपुर से स्नातक सुमीत मनहरे बने छ.ग. राज्य वित्त सेवा अधिकारी



दुर्ग (दावा)। जिले के ग्राम पंड्रीतराई निवासी सुमीत मनहरे ने सीजी-पीएससी परीक्षा 2023 में परचम लहराया है। इससे गाँव में एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त है वे संतोष मनहरे एवं श्रीमती ललिता मनहरे के पुत्र हैं। यह सुमीत मनहरे का चौथा प्रयास था जिसमें वे प्रथम बार साक्षात्कार में उपस्थित हुए थे। सुमीत मनहरे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के धैर्य एवं तैयारी में जुटे रहने के समर्थन के भाव को दिया है।

# नीरज पैरेंट्स प्राईड एवं फाउण्डेशन स्कूल में दिसंबर एडमिशन ऑफर

राजनांदगाँव (दावा)। शहर के मध्य स्थित नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बलदेव बाग एवं ब्रांच जयस्तंभ चौक साथ ही नीरज फाउंडेशन स्कूल कमला कॉलेज रोड में प्रवेश हेतु दिसंबर ऑफर प्रदान किया जा रहा है।



संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि जारी सत्र 2024-25 में पैरेंट्स प्राईड स्कूल में प्री नर्सरी एवं नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र को बिना ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के साथ मात्र 4000 रुपए जिसमें प्रवेश शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क, ट्यूशन फीस इत्यादि सभी कुछ समाहित है का ऑफर दिया जा रहा है एवं जो ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा लेना चाहते हैं उन्हें 8000 पूरे सत्र 2024-25 के लिए देय होगा, इसी प्रकार कमला कॉलेज रोड खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल में प्री नर्सरी के बच्चों के लिए दिसंबर ऑफर के अंतर्गत 4500 रु. बिना ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के एवं 9000 रु. ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के साथ प्रवेश दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि शासन के नियमानुसार 1 अप्रैल 2024 को नर्सरी में प्रवेश हेतु कम से कम 3 वर्ष उम्र आवश्यक है, इसी प्रकार से प्री नर्सरी हेतु 2 वर्ष न्यूनतम आवश्यक है। पालकों से आग्रह है कि वह इस ऑफर का लाभ उठाएं और बच्चों को अच्छे संस्कार सहित शिक्षा प्रदान करने वाली स्कूल में प्रवेशित कराए।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में राजनांदगांव की 10 विकेट से जीत

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) में खेले गए एक 3 दिवसीय मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने जिला जांजगीर-चांपा एसोसिएशन को 10 विकेट से हरा कर बोनस अंक प्राप्त किए।**




टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने अस्सी ओवरों में अपने समस्त विकेट खोकर 295 बनाएं। राजनांदगांव की तरफ से कप्तान बालाजी राव ने 45 एवं उपेंद्र मरकाम ने मात्र 147 गेंदों में 142 तेज रन बनाए। अनुकरण कुठारे एवं कृष्णम दुबे ने 25 एवं 22 रन बनाएं वहीं श्लोक चचाने ने भी महत्वपूर्ण 20 रन बनाएं।

बल्लेबाजी करने उतरी जांजगीर-चांपा जिले की टीम मात्र 77 रन पर ही आल आउट हो गई। राजनांदगांव की तरफ से अर्शवीर भाटिया ने 10 ओवरों में मात्र 30 रन देकर 6 विकेट लिए वहीं कुणाल साहू एवं कृष्णम दुबे ने 2-2 विकेट लिए।

फालोआन का सामना करते हुए जांजगीर-चांपा की टीम ने दूसरी पारी में कुछ अच्छी बल्लेबाजी की, उन्होंने अपने समस्त विकेट खोकर 240 रन बनाएं। राजनांदगांव की तरफ से अर्शवीर भाटिया ने 3 एवं संयम सूर्यवंशी ने 3 विकेट लिए। जीतने के लिए जरुरी 26 रन राजनांदगांव ने 05 ओवरों में ही बिना कुछ विकेट खोए बना लिए। 10 विकेट से जीतने के कारण इस मैच में राजनांदगांव को एक बोनस पॉइंट सहित कुल 7 अंक प्राप्त की हुए। राजनांदगांव का अगला मुकाबला सोमवार से धमतरी के मैदान में जिला धमतरी के साथ तीन दिवसीय खेला जाएगा। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे रात्रि
सिंघम अगेन
कलाकार - अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th Nov To 4th Dec 2024
Silver Screen




Moana 2 - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Delhi Bus (Hindi) - 12:15 pm
Kanguva (Hindi) - 03:15 pm
The Sabarmati Report - 12:00, 6:00 and 09:00 pm
Bhool Bhulaiyaa 3 - 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


# भाजपा ने छत्तीसगढ़ में रचा इतिहास-मनोज निर्वाणी

## संगठन के कुशल नेतृत्व का चमत्कारिक परिणाम

राजनांदगांव(दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि कम समय में भाजपा की यह ऐतिहासिक उपलब्धि संगठन के कुशल नेतृत्व का चमत्कारिक परिणाम यह साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 के तहत केवल 86 दिनों के अंतराल में छत्तीसगढ़ में 60 लाख से अधिक सदस्य बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि तथा कीर्तिमान रचा है।



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जो कहते हैं वह कर दिखाते हैं। निर्वाणी ने कहा कि इतने कम दिनों में 60 लाख सदस्य बनना निश्चित ही यह छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के यह उपलब्धि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अथाह विश्वास एवं समर्थन का प्रमाण है। भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के कुशल मार्गदर्शन और जमीन पर योजना को मूर्तरूप देने के लिए अपने समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दी है।

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
137-1 577-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# नाबालिग बालिका से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे जेल कुछ सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।



आरोपी का नाम चंदन पटेल पिता धनेश पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मंदिर खिलोरा थाना धमधा बताया जाता है। घुमका पुलिस ने बताया कि 29 नवंबर शुक्रवार को थाना घुमका में आवेदिका द्वारा अपने पुत्री के साथ हुए घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन पेश किया है कि ग्राम खिलोरा थाना धमधा जिला दुर्ग निवासी चंदन पटेल पिता धनेश पटेल उम्र 22 वर्ष। प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री को फोन कर तुम से प्यार करता हूं कहकर नहीं मानने पर डरा धमकाकर व चाकु दिखाकर नाबालिग व परिवार के लोगो को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी, प्रार्थिया के नाबागिल पुत्री के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। आवेदन अवलोकन पर अपराध धारा 63 (ए), 63(डी), 64, 351(2) बीएनएस लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4,5 (एल), 6 का अपराध घटित होना पाये जाने पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत कुमार बघेल के नेतृत्व में उप निरीक्षक खेदूराम उइके, सहायक उप निरीक्षक नंदनी ठाकुर, कोदूराम नागवंशी आरक्षक द्वारा तत्काल आरोपी पतासाजी कर आरोपी को ग्राम मुरमुंदा में रिश्तेदार के यहां से गिरफ्तार कर 30 नवंबर को न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया।

# बिलासपुर कांग्रेस भवन में विवाद : मामला पहुंचा दिल्ली दरबार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के कांग्रेस भवन में विवाद एक बार फिर से गहराता चला जा रहा है। कांग्रेस भवन में पीपीसी महामंत्री एवं बिलासपुर संगठन जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल और पूर्व महापौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश पांडेय के बीच बैठक में ना बोलने देने का मामला भड़क गया और दोनों में नोक- झोंक के साथ- साथ बात देख लेने की धमकी तक पहुंच गई। बैठक में मौजूद कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी समझाईश के बाद मामला शांत हुआ, नहीं तो बात आगे तक बढ़ चुकी थी।



पीसीसी चीफ दीपक बैज के सामने प्रभारी सुबोध हरितवाल और वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महापौर राजेश पांडेय के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद कोंटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने किसी तरह से दोनों के बीच सुलह करवाया।

इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुबोध के साथ कांग्रेस भवन में विवाद को गंभीरता से लिया और पीसीसी चीफ के इशारे पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने बेमन से पूर्व महापौर राजेश पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा। इतना ही नहीं नोटिस में साफ़ तौर पर जिला अध्यक्ष विजय पांडेय को चेतावनी दी थी कि, अगर जवाब संतोषप्रद नहीं मिला तो निलंबन/निष्कासन तक की कार्यवाही की जाएगी। वहीं राजेश पांडेय ने बढ़ते विवाद और मामले के भविष्य को पहले ही भांप लिया और जवाब देने के साथ ही रायपुर पहुंचकर पीसीसी चीफ के दरबार में हाजरी भी लगाई। इसके बाद मामले में क्या कुछ हुआ, उस पर कांग्रेस की चुप्पी बरक़रार है और कांग्रेसी नेता इस पर कुछ कहने से बच भी रहे हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि, शहर अध्यक्ष की चेतावनी पर कहीं मुहर ना लग जाए और राजेश पांडेय को संगठन बाहर का रास्ता ना दिखा दे। शायद इस बाबत सुनामी से पहले कांग्रेस के भीतर सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी बात को लेकर पिछले दो दिनों से कांग्रेस पार्टी तथा संगठन के नेताओं में कौतूहल मचा हुआ है और अनुशासनहीनता और दायरे के मामले में निष्कासन पर सस्पेंस बरक़रार है।

बिलासपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी सूत्रों की माने तो राजेश पांडेय नोटिस का जवाब लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज के दरबार पहुंच गए और अपने गलती पर अफ़सोस जताना चाह रहे थे। लेकिन दीपक बैज ने उनसे मिलने से ही इनकार कर दिया। लेकिन राजेश पांडेय के बार बार रिक्वेस्ट करने पर द्वारपालों ने चंद मिनटों की मुलाकात फाइनल कराई। इस पर भी शर्त रखी गई कि, आपको सिर्फ़ पीसीसी चीफ़ के आदेश को मानना और सुनना है। जब तक उनके आदेश और दिशा- निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, तब तक निष्कासन और नोटिस पर कोई विचार नहीं हो सकेगा। पूर्व महापौर राजेश पांडेय को विशेष निर्देश देने के साथ ही पीसीसी चीफ दीपक बैज अंदर चले गए और राजेश पांडेय की एक ना सुनी। इससे राजेश पांडेय काफ़ी मायूस हुए और वहां मौजूद लोगों ने पहली मर्तबा राजेश पांडेय को इतना बेबस और कमजोर देख बगलें झांकने लगे। वहीं कुछ देर तक अपने आप को राजेश पांडेय समझाते हुए बैठ गए कि, उनके साथ आखिर ये क्या हो रहा है और उनकी उम्र पर भी कांग्रेस तरस नहीं खा रही है। राजेश पांडेय पीसीसी चीफ को कहना चाह रहे थे कि, उनका पूरा जीवन कांग्रेस की सेवा और संघर्ष में निकल गया। ऐसे में भी एक अवसर ना देना दुख दे रहा है।

बिलासपुर कांग्रेस भवन में बीते 27 नवम्बर को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मैराथन बैठक लेने पहुंचे थे। इस बीच राजेश पांडेय पीसीसी चीफ के मौजूदगी में भी सुबोध से भिड़ गए और बैठक खत्म होने के बाद एक राउंड इन दोनों नेताओं में भी जमकर खुलेआम विवाद हुआ। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हुआ। इस घटना की शिकायत सुबोध ने पीसीसी चीफ दीपक बैज से की, तो कांग्रेस ने जिला शहर अध्यक्ष के माध्यम से नोटिस दिलवाया। लेकिन इस नोटिस पर राजेश पांडेय को उनके अनुशासनहीनता पर कोई मुरव्वत और राहत ना मिल सकें।

# नाबालिक पीड़िता को भगा ले जाकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी पकड़ाया




राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थानांतर्गत तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र की एक नाबालिग को भगा ले जाकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी अजय कंवर पिता परदेशी कंवर उम्र 22 वर्ष पता पुराना करेला, पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ को हैदराबाद से गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

**आरोपी को तुमडीबोड चौकी पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार कर भेजा जेल**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 19 नवंबर को प्रार्थी पुलिस चौकी तुमडीबोड़ आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक नातिन को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ में धारा 137(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्यवाही करते हुए शुक्रवार 29 नवंबर को पीड़िता को हैदराबाद के पंचवटी कॉलोनी मनी कोण्डा तेंलगाना से आरोपी अजय कंवर के कब्जे से बरामद कर प्रकरण में धारा- 64(ड),65(1)बी.एन.एस. 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 30 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई, सउनि अनिल यादव, आरक्षक. लोकेश साहू, दुर्गा प्रसाद, महिला आरक्षक अर्पणा एक्का का कार्य सराहनीय रहा।

# गिरीश शुक्ला का देवलोक गमन



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित शुक्ला परिवार, बल्देव बाग निवासी पंडित गिरीश शुक्ला (86) का आज देवलोक गमन हो गया। राजनांदगांव जिले के निर्माता पंडित किशोरीलाल शुक्ला के वे इकलौते पुत्र थे। दिवंगत श्री शुक्ला ने सामाजिक तथा राजनैतिक स्तर पर उन्हें सौंपी गई जवाबदारियों का अंतिम सांस तक कुशलता पूर्वक निर्वहन किया।

राजनांदगांव नगर में ब्राह्मण समाज सहित लोक हित में श्री शुक्ला ने आजीवन अपना योगदान किया। आज दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री शुक्ला ने अपने पीछे एक सुपुत्र आलोक शुक्ला (सन्नी) एवं दो पुत्रियों सोना शुक्ला, श्रुति पयासी के साथ नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ा है। दिवंगत श्री शुक्ला ने अपने जीवनकाल में कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस सचिव, नांदगांव हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष के रूप में जवाबदारी का बखूबी निर्वहन किया। वर्तमान में वे 2013 से लगातार निर्विरोध नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष की आसंदी पर कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज सहित संस्थाओं को अपूरणीय क्षति हुई है। दिवंगत श्री शुक्ला की अंतिम यात्रा आज 1 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निज निवास बल्देवबाग से लखोली के लिए निकाली जाएगी।

# पदुमतरा से डुमरडीहकला तक विशाल बाइक रैली संपन्न, सैकड़ों क्षेत्रवासी हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के श्रीराम मंदिर पदुमतरा से डूमरडीहकला तक आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के आगमन पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। कल 2 दिसंबर से डूमरडीहकला में विशाल चण्डी यज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य आचार्य पं.युवराज पाण्डेय का आगमन पर क्षेत्र के सैकड़ो धर्मप्रेमी बाइक रैली के माध्यम से शामिल हुवे, आचार्य जी का आगमन श्री राम मंदिर पदुमतरा में हुआ जहाँ आतिशबाजी व फूल मालाओं के साथ सभी ने जोरदार स्वागत किये, उनके पश्चात मंदिर में पूजा अर्चना किया गया, श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं सदस्यों ने आचार्य जी का फूल माला एवं साफा से स्वागत किये उनके बाद बाजे गाजे अतिशबाजी के साथ सैकड़ों बाइक व दर्जनों कार रैली के माध्यम से पदुमतरा से डुमरडीहकला तक धर्मप्रेमी रैली में शामिल हुवे रैली के दौरान सभी ने भक्तिमय वातावरण के साथ नारेबाजी व संगीत के धुन में डुमरडीहकला पहुँचे जहां सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर व ग्रामवासियों द्वारा जोरदार फूल मालाओं के साथ स्वागत किये।

**आचार्य पं.युवराज पाण्डेय के आगमन पर हुवा जोरदार स्वागत**

रैली में प्रमुख रूप से परदेसी साहू, गणेश साहू, सूर्यकान्त भंडारी, मोहन साहू, सौरभ वैष्णव, राकेश साहू, रितेश सिन्हा, दिनु साहू, दुर्गा साहू, धनेन्द्र साहू, जस्सू साहू, प्रीतम साहू, पवन महोबिया, देवराज ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विकेश ठाकुर, धनेश साहू, सोनू साहू, खेम साहू, केशव साहू, घनश्याम साहू, भागीरथी साहू, सूरज साहू, लोकेश साहू, नागेश साहू, हरिकिशन सेन, तेजस्वी वर्मा, सोनू साहू, रति साहू, नीलेश साहू, देवनंत वर्मा, पैमन वर्मा, ओमकार साहू, दुजराम वर्मा, उत्तम साहू, शत्रुहन यादव, फतीश साहू, मोहित साहू, किरीश साहू, विवेक साहू, रवि ठाकुर सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी शामिल हुवे।

# एसपी ने थाना डोंगरगढ़ एवं मोहारा का किया वार्षिक निरीक्षण




राजनांदगांव(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग थाना डोंगरगढ़ एवं ओपी मोहारा पहुंचकर थाने के रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया।

**जवानों की सुनी समस्याएं**

थाने की साफ-सफाई जवानों के वेशभूषा को देखे साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किये, थाना एवं चौकी भवन का भी निरीक्षण किये। थाने एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया।

इस दौरान डोंगरगढ़ एसडीओपी अशिष कुंजाम, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, ओपी मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह एवं थाना/चौकी स्टाफ उपस्थित थे।

# 'संस्कार सिटी' में मनाया गया संविधान दिवस



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

इसमें संविधान के निर्माण प्रक्रिया, कार्यकारिणी समिति के सदस्य और निर्माण के समयांतरन पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुआ, जहां विद्यार्थियों ने संविधान के सम्मान की शपथ ली। विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में निहित सभी अधिकार और कर्तव्य आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और यह सभी नागरिकों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बच्चों को संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से संविधान के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति अपने समर्थन का प्रदर्शन किया गया। नवमीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इस विशेष आयोजन में, संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल(अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव) भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े और बच्चों को संबोधित किया।

उन्होंने संविधान के महत्व और उसके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल हमें अधिकार प्रदान करता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है। इस दौरान, शाला परिवार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले में मारे गए लोगों और जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# पत्रकारिता विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ.बी.एन. जागृत के नेतृत्व में पत्रकारिता विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण किया साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कौशल पर तीन दिवसीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा, कुल सचिव सुनील कुमार शर्मा, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मनोज वर्मा, रिसोर्स पर्सन वरिष्ठ पत्रकार रुपेश यादव, जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, मीडिया प्रबंधन एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी, पब्लिक रिलेशन विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष पंकज नयन पांडे, सह प्राध्यापक डॉ. निपेंद्र शर्मा उपस्थित रहें। प्राध्यापक अमितेश सोनकर ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का पहला मीडिया शासकीय विश्वविद्यालय हैं। जो 2005 से संचालित हैं और यहां अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसमें विद्यार्थियों को रेडियो संवाद एवं टेलीविजन स्टूडियो की कार्यप्रणाली को बेहतर सीखा जा सकता हैं।

प्राध्यापिका बॉबी राजपूत में रेडियो संवाद की जानकारी देते हुए कहा कि सामुदायिक रेडियो स्थानीय प्रसारण का एक तरीका है यह रेडियो सेवा का एक अलग मॉडल है जो वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा से अलग होता है साथ ही रेडियो प्रसारण से जुडी उपकरण की जानकारी दी गई। शोधार्थी चंद्रेश चौधरी ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा की आज की डिजिटल युग में टेलीविजन की महत्ता काफी बढ़ गई है जिसमें कैमरा की भूमिका अहम हैं। इसी कड़ी में प्रकाश डालते हुए टेली प्रॉम्पटर, लाइट्स, माईक, क्रोमा से जुडी महत्वपूर्ण बारीकी से अवगत कराया गया। न्यूज़ रूम लाइब्रेरी, पीसीआर कक्ष, आईटी कक्ष, वीडियो कैमरा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्यविधियों को सीखा और अनेक प्रकार के तकनीकी से जुड़ी प्रश्न किये जिसका संतुष्टि पूर्ण उत्तर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि व्याख्याता रेशमी साहू, विभा सिंह का सहयोग रहा और साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सांप्रदायिक सद्भावना रैली का किया आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि सर एवं इकाई 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा आज दिनांक 25 नवंबर को साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह (19 नवंबर से 25 नवंबर) के अंतर्गत सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने के लिए और बढ़ावा देने के लिए सांप्रदायिक सद्भावना रैली का आयोजन किया गया। और साथ ही साथ सांप्रदायिक, जातीय, आतंकवादी हिंसा के शिकार निराश्रित बच्चों के शिक्षा व उज्जवल भविष्य के लिए कॉलेज के प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं तथा आसपास के लोगों से डोनेशन इकट्ठा किया गया।

**डोनेशन के रूप में 5364 रुपए प्राप्त हुआ**

एकत्र किए गए डोनेशन राशि को गृह मंत्रालय के अंतर्गत आटोनॉमस संस्था राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव संस्थान के पास भेजा जाएगा जो कि सांप्रदायिक, जातीय, आतंकवादी हिंसा के शिकार बच्चों की शिक्षा के लिए काम करता है। इस कार्यक्रम में 100 रासेयो स्वयंसेवीयों ने अपनी सहभागिता दी।

# निकाय चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में पीडब्ल्यूडी के 62 इंजीनियर्स का तबादला



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ी संख्या में लोक निर्माण विभाग के अफसरों का ट्रांसफर किया है। इनमें एक दो नहीं बल्कि पूरे 62 इंजीनियर्स के नाम शामिल हैं। जिनका तबादला कर दिया गया है। इनमें कुछ अधिकारी रायपुर के भी है जिन्हें सारंगढ़ बेमेतरा जैसे जिलों में भेजा गया है। राज्य सरकार ने पीडब्ल्यूडी विभाग के 60 से ज्यादा इंजीनियरों का तबादला कर दिया है। कई अधिकारियों को एक जिले से दूसरे जिले में भेजा गया है। निगम चुनाव से पहले लोक निर्माण विभाग में हुए बड़े पैमाने पर तबादला को प्रशासनिक कसावट के नजरिए से देखा जा रहा है।

शनिवार शाम छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ। विभाग द्वारा 50 से अधिक इंजीनियरों के ट्रांसफर के आदेश जारी किए गए हैं। इस कदम से विभाग में कामकाजी माहौल में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। ट्रांसफर के इस आदेश में विभिन्न जिलों के इंजीनियरों को नई जिम्मेदारी दी गई है, जिससे विभागीय कार्यों में गति और सुधार लाने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह बदलाव कार्यक्षमता बढ़ाने और विभागीय प्रबंधन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

# शा. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय द्वारा किया गया परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा दिनांक 28 नवम्बर को डॉ.सुमन सिंह बघेल प्राचार्य के मार्गदर्शन में राजनांदगांव परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि सिन्हा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति रहे अध्यक्षता डॉ. सुमन सिंह बघेल प्राचार्य, विशेष अतिथि के रूप में नमिताभ जैन पूर्व पार्षद, आलोक बिंदल, विजय राय पार्षद, तरुण साहू रहे प्राचार्य ने सभी सहभागियों को बधाई दी एवं खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया एवं कहा की खेल में एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ दिमाग रूप में बहुत अच्छी तरह से वक्त किया जा सकता है खेल मे दौड़ भाग आदि सम्मिलित होते हैं जो हमारे दिमाग और शरीर को स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए रवि सिन्हा ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करें खेल में हार जीत होते रहता है हारने वाले निराश ना होवे अच्छी मेहनत कर अगली बार सफलता प्राप्त करें खेल हमारे अंदर के आज्ञाकारिता अनुशासन धैर्य ईमानदारी और टीम भावना के गुण को बढ़ावा देता है। एक टीम के कप्तान को सभी खिलाड़ियों के विशेषताओं को समझना चाहिए और खेल को जिम्मेदारी से खेलना चाहिए वही टीम के सदस्यों को अपने साथी की मदद करने एवं तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए प्रत्येक खिलाड़ी को यह पता होता है। कि उसे सदैव खुद से पहले टीम के भले के हित के बारे में सोचना है उन्हें आत्म त्याग अनुशासन और सहयोग के गुण के साथ दूसरे के सामने खुद को प्रस्तुत करना होता है, इस तरह हर खिलाड़ी के अंदर समूह के प्रति मित्रता की भावना उत्पन्न होती है।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार जिले राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़, मानपुर मोहला चौकी के 22 महाविद्यालय के 250 छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वासुदेव गीत व राउत नाचा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे सभी का मन मोह लिया। विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग की भागीदारी रही 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 15 00 मीटर 5000 मीटर 10000 मीटर लंबी कूद ऊँची कूद गोला फेक भाला फेक चक्र फेंक शामिल किए गए। पारस मारकंडे कवर्धा पुरुष वर्ग में 100 एवं 200 मीटर दौड़ जीतकर सबसे तेज धावक का खिताब जीता महिला वर्ग में निशा अंबागढ चौकी ने सबसे तेज धाविका का खिताब जीता राजनांदगांव परिक्षेत्र की विजिट टीम 2 दिसंबर 2024 को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. नंदेश्वर, श्रीमती अनीता पोशार्य, पी.के. हरवाले चौधरी विभिन्न महाविद्यालय से पधारे टीम मैनेजर और टीम के कोच व आयोजन महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग कर नहीं रहा परेश वर्मा क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. सुमन सिंह बघेल आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य 30 नवंबर को सेवानिवृत होने पर उपस्थित खेल अधिकारियों व खिलाड़ियों ने आत्मीय विदाई दी उद्घाटन सत्र में रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए अतिथि व खिलाड़ी भी राउत नाचा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति से भाव विभोर होकर आनंद के साथ थिरकने लगे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न स्टेशनों पर विद्युतीकरण कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** जीएसयू-एल-जी-नाग -2024-25-07 दिनांक: 22.11.2024
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में विद्युत (जी) से सम्बंधित कार्य: 1) आमगांव (AGN) गुड्स शेड का उन्नयन/आधुनिकीकरण, 2) बालाघाट यार्ड में समपार क्र. GJ 36 पर ROB का विद्युतीकरण, 3) परमलकसा-मुडहीपार स्टेशनों के बीच समपार क्र. 454 पर RUB का विद्युतीकरण, 4) दारेकसा-सालेकसा स्टेशनों के बीच समपार क्र. 482 पर ROB व LHS का विद्युतीकरण, 5) गुदमा-गोंदिया स्टेशनों के बीच समपार क्र. 505 पर ROB व LHS का विद्युतीकरण और 6) गोंदिया-गंगाझरी ब्लॉक सेक्शन के बीच समपार क्र. 512 पर LROB का विद्युतीकरण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,42,12,651/-
**बिड सेक्युरिटी राशि:** ₹ 2,21,100/-
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक **19.12.2024** के **15:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, नागपुर
PC/30/159

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> **सृष्टि में हर जीव के हृदय में नारायण का ही वास है, मनुष्य को चाहिए कि वह अपने भीतर के नारायण का स्वरूप जाने।**

# चुनाव बाद ओझल होने वाले मुद्दे : शिक्षा, सेहत, पर्यावरण पर देना होगा ध्यान

देश की समस्याओं के समाधान के प्रति अनेक जनप्रतिनिधियों में संवेदना और इच्छाशक्ति की कमी का दूसरा उदाहरण शिक्षा क्षेत्र की लगातार बढ़ रही उस अस्वीकार्य स्थिति का है जिसके प्रति नीति निर्माताओं और इन्हें लागू करने वालों के अंदर एक उदासीनता की भावना निर्मित हो चुकी है। ऐसा कोई दल नहीं है जो संविधान के प्रति संपूर्ण समर्पण की दुहाई दिन प्रतिदिन न देता हो।

हाल में संपन्न महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में पूरे देश ने रुचि ली। चुनाव लोकतंत्र का आधार स्तंभ हैं। उनकी प्रक्रिया, शुचिता और परिणाम पर विश्वास भी उतना ही आवश्यक है। चुनाव परिणामों पर चर्चा हर प्रजातांत्रिक देश के लोगों का ध्यान आकर्षित करे तो इसे लोकतंत्र व्यवस्था का अनिवार्य अंग मानते हुए सभी को संतुष्ट होना चाहिए। परिणाम के पश्चात जीतने वाले और न जीत पाने वाले के कार्यक्षेत्र और उत्तरदायित्व स्वतः ही निर्धारित हो जाते हैं। दोनों ही पक्षों को जनहित में अपने को समर्पित कर देना ही लोकतांत्रिक अपेक्षा है। इसमें पारस्परिक सहयोग की कोई मनाही नहीं है। विजेता को जन-अपेक्षाओं को पूरा कर सकने की क्षमता के उपयोग में लग जाना चाहिए और हारे हुए को जन-सेवा में अपने को समर्पित करने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए। चुनाव-चर्चा अब देश और संचार माध्यमों का प्रिय शगल बन गया है। देश के संचार माध्यम दलगत राजनीति से जुड़े हुए नेताओं, उनके वक्तव्यों और उसके विश्लेषण पर बहुत समय और स्थान को दे रहे हैं। परिणामस्वरूप जिन समस्याओं और उनके त्वरित समाधान पर राष्ट्रव्यापी चर्चा होनी चाहिए, वह पीछे छूट जा रही है। महाराष्ट्र के चुनावों के समय वहां किसानों की आत्महत्याओं और सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के संबंध में कहीं कोई समाचार पढ़ने-सुनने को नहीं मिला। कोई प्रत्याशी या दल भी समयबद्ध सीमा में उनकी स्थिति सुधारने का संकल्प लेता नहीं दिखा। चुनावों के दौरान तो ऐसा लगा कि महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या जैसी कोई समस्या है ही नहीं। किसानों और उनकी समस्याओं को लेकर केवल किसान आंदोलन के दौरान संचार माध्यम स्थान और समय दे रहे थे। हालांकि उसमें भी उनकी समस्याओं का विश्लेषण कम और नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप ही अधिक प्राथमिकता पाते रहे। ऐसे आंदोलन जब समाप्त हो जाते हैं, तब लगता है कि अब उस समस्या का समाधान हो गया है। इस पर जिस गहन विचार विमर्श की आवश्यकता है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।अनेक वर्षों से किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या को लेकर आंकड़े देश के सामने कभी-कभी आ जाते हैं, लेकिन वे राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी चर्चा का विषय नहीं बनते, जो किसी समाधान तक पहुंच सके। इसका समाधान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करना उनका संवैधानिक ही नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय उत्तरदायित्व है। कितने नव-निर्वाचित विधायक यह प्रण ले सकते हैं कि अगले तीन वर्षों में वे जीजान लगाकर किसानों की आत्माहत्याओं को जनित करने वाली स्थितियों को समाप्त कर देंगे?सामान्य नागरिक की यह सहज जिज्ञासा है कि क्या इस देश के किसानों की आत्महत्या को रोक सकने लायक नीतियां और योजनाएं बनाने के लिए देश का राजनीतिक नेतृत्व एवं वरिष्ठ अधिकारी अक्षम हैं?

क्या देश में ऐसे अध्ययनशील विद्वानों की कमी है, जो इससे जुड़ी समस्याओं को गहराई से समझते हों और उनके व्याहारिक समाधान निकाल सकने की क्षमता रखते हों? देश में लगभग हर प्रांत में कृषि विश्वविद्यालय हैं। इंडियन काउंसिल आफ एग्रीकल्चर रिसर्च नाम की एक प्रतिष्ठित संस्था भी है, जिसकी अनेक शाखाएं हैं और जिसके योगदान की सराहना देश-विदेश में की जाती है। भारत के विज्ञानियों और इस संस्था ने अनाज की कमी से जूझ रहे देश को कुछ दशकों के प्रयास के पश्चात उसका निर्यातक बना दिया। क्या इस संस्था को यह उत्तरदायित्व नहीं दिया जा सकता था कि वह ऐसी नीतियां बनाए, जिससे किसानों की समस्या सुलझ सके और बड़ी संख्या में हो रही आत्महत्याएं बंद हो सकें? देश में ऐसा कौन व्यक्ति है, जो किसानों के योगदान की प्राथमिकता को न जानता हो। शायद ही कोई हो, जो किसान की कठिनाइयों से पूरी तरह अपरिचित हो। देश में किसानों की आत्महत्या पर कष्ट हर उस व्यक्ति को होना चाहिए, जिसकी संवेदनाएं सजग हैं, जो यह आज भी याद करता है कि महात्मा गांधी चाहते थे कि हर व्यक्ति जो भी प्रकल्प हाथ में ले या नया रोजगार प्रारंभ करे या किसी परियोजना में हिस्सेदारी करे, उसे सबसे पहले यह विचार करना चाहिए कि इससे पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति के जीवन में क्या कोई सकारात्मक प्रभाव पड़ सकेगा या नहीं। इस स्तर की संवदेनशीलता हमारे चयनित जनप्रतिनिधियों और संवैधानिक पदों पर बैठ कर विभिन्न स्तरों पर निर्णय लेने वाले और योजनाएं बनाने वाले व्यक्तियों में जागृत होनी चाहिए। देश की समस्याओं के समाधान के प्रति अनेक जनप्रतिनिधियों में संवेदना और इच्छाशक्ति की कमी का दूसरा उदाहरण शिक्षा क्षेत्र की लगातार बढ़ रही उस अस्वीकार्य स्थिति का है, जिसके प्रति नीति निर्माताओं और इन्हें लागू करने वालों के अंदर एक उदासीनता की भावना निर्मित हो चुकी है। ऐसा कोई दल नहीं है, जो संविधान के प्रति संपूर्ण समर्पण की दुहाई दिन प्रतिदिन न देता हो।

# बांग्लादेश और भारत में बढ़ता तनाव



भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर से कहा कि बांग्लादेश की सरकार को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए.भारत ने कहा कि जो भी घटनाएं वहाँ हुई हैं, उन्हें मीडिया की अतिशयोक्ति बताकर ख़ारिज नहीं किया जा सकता है.भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, बांग्लादेश की सरकार के साथ भारत ने लगातार हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले का मुद्दा मज़बूती से उठाया है. हम इस मामले को लेकर स्पष्ट हैं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अपनी ज़िम्मेदारी निभानी चाहिए.

जायसवाल ने कहा, इन मामलों को मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर ख़ारिज नहीं किया जा सकता है. हम एक बार फिर से कह रहे हैं कि सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर बांग्लादेश की सरकार क़दम उठाए.बांग्लादेश के चटगाँव में इस्कॉन मंदिर के चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी को लेकर रणधीर जायसवाल ने कहा, इस्कॉन की वैश्विक प्रतिष्ठा है और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में इसका दमदार रिकॉर्ड है. चिन्मय दास की गिरफ़्तारी चिंताजनक है.भारत ने कहा, इस मामले में क़ानूनी प्रक्रिया चल रही है. हमें उम्मीद है कि पूरे मामले में निष्पक्षता बरती जाएगी और व्यक्ति के वैध अधिकारों का सम्मान किया जाएगा.भारत की इस प्रतिक्रिया के ठीक बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया.बांग्लादेश ने कोलकाता में अपने उप-उच्चायोग के सामने राष्ट्र ध्वज जलाने और मोहम्मद युनूस का पुतला जलाने पर कड़ा विरोध जताया और कहा कि भारत यह सुनिश्चित करे कि निकट भविष्य में ये दोबारा न हो.दोनों देश बयानों के ज़रिए एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं. शेख़ हसीना के सत्ता से बेदख़ल होने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में अविश्वास बढ़ा है.

बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में हिन्दू आठ प्रतिशत हैं. इसी साल अगस्त महीने में शेख़ हसीना के सत्ता से बेदख़ल होने के बाद से वहाँ के हिन्दुओं पर हमले के कुछ मामले सामने आए हैं.भारत ने इससे पहले मंगलवार को भी बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर बयान जारी किया था. बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत को जवाब दिया था और कहा था कि यह उसका आंतरिक मामला है.चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी पर भारत भले चिंता जता रहा है लेकिन बांग्लादेश में उनके ख़िलाफ़ क़ानूनी शिकंजा कसता दिख रहा है.बांग्लादेश के अंग्रेज़ी अख़बार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बांग्लादेश फ़ाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने इंटरनेशनल सोसाइटी फोर कृष्ण कॉन्सियसनेस यानी इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट 30 दिनों के लिए फ्रीज़ करने का आदेश दिया है. इनमें चिन्मय कृष्ण दास भी शामिल हैं.बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भारत के बयान पर वहाँ की सरकार ने तो प्रतिक्रिया दी ही है लेकिन वहाँ के मीडिया में भी तीखी टिप्पणी की जा रही है.ढाका ट्रिब्यून ने 28 नवंबर को चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी पर भारत की प्रतिक्रिया के जवाब में संपादकीय लिखा था.ढाका ट्रिब्यून ने संपादकीय में लिखा है, जिस भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता में अहम भूमिका निभाई, वही भारत हाल के दिनों में ग़लत सूचना को इतनी ज़्यादा तवज्जो दे रहा है.चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ़्तारी बांग्लादेश का आंतरिक मामला है और इसे लेकर क़ानूनी प्रक्रिया चल रही है. भारत ने इस गिरफ़्तारी पर चिंता जताई है और भारत की यह चिंता लक्ष्मण रेखा लांघने की मिसाल है. जब तक बांग्लादेश में अवामी लीग की सरकार थी, तब तक भारत ऐसा करता रहा था.ढाका ट्रिब्यून ने लिखा है, यह स्पष्ट है कि भारत की चिंता दिखावे की है. भारतीय मीडिया ग़लत सूचनाएं फैला रहा है. भारतीय मीडिया कह रहा है कि वकील सैफ़ुल इस्लाम अलिफ़ चिन्मय कृष्ण दास के साथ थे, इसलिए चटगाँव में उनकी हत्या कर दी गई. यह पूरी तरह से ग़लत है. ये अच्छा होता कि मोहम्मद युनूस का प्रेस विंग भारतीय मीडिया को आमंत्रित कर सच्चाई दिखाता.ढाका ट्रिब्यून ने लिखा है, ज़्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि स्पष्ट रूप से जो बांग्लादेश का आंतरिक मामला है, उस पर भारत तब बोल रहा है, जब उत्तर प्रदेश में एक सांप्रदायिक हिंसा में छह लोग मारे गए हैं.

यह हिंसा भारत के अपने मुस्लिम नागरिकों के साथ हुई है. यह पाखंड की सबसे अच्छी मिसाल है कि भारत जानबूझकर स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाने के लिए ये सब कर रहा है. जिस देश को हमेशा सच्चे साझेदार के रूप में देखा जाता रहा है, उसकी तरफ़ से ये सब होना अस्वीकार्य है.अख़बार ने अपने संपादकीय में लिखा है, चिन्मय दास के ख़िलाफ़ राजद्रोह के मुक़दमे की प्रासंगिकता पर सवाल पूछा जा सकता है. लेकिन ये सवाल बांग्लादेश के भीतर और बांग्लादेश के लोगों की ओर से उठना चाहिए. क्या भारत के आंतरिक मामलों पर बांग्लादेश की प्रतिक्रिया को वहाँ की सरकार बर्दाश्त करेगी?बांग्लादेश के हिन्दुओं को लेकर भारत की चिंता पर ढाका में कैसी प्रतिक्रिया है?भारत के चर्चित पत्रकार करण थापर ने द वायर के लिए यही सवाल ढाका ट्रिब्यून के संपादक ज़फ़र सोभान से पूछा तो उन्होंने कहा, बांग्लादेश की सरकार मान रही है कि यह उसका आंतरिक मामला है.आपको याद होगा कि ईरान ने भारत में मुसलमानों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी तो भारत ने इसे अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की तरह लिया था. बांग्लादेश का भी रुख़ बिल्कुल यही है.ज़फ़र सोभान के इस जवाब पर करण थापर ने पूछा, अगर सऊदी अरब ग़ज़ा में फ़लस्तीनियों पर सवाल पूछ सकता है, यूरोपियन यूनियन एम्स्टर्डम में इसराइली फुटबॉल प्रशंसकों के साथ दुर्व्यवहार का मुद्दा उठा सकता है तो भारत बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा क्यों नहीं उठा सकता है?इसके जवाब में ज़फ़र सोभान ने कहा, वही तो मैं कह रहा हूँ कि जब ईरान ने भारत को लेकर सवाल उठाया तो वहाँ की सरकार ने कहा कि यह उसका आंतरिक मामला है. अभी हाल ही में इंडिया में छह मुस्लिम अल्पसंख्यकों को गोली मारी गई.अगर बांग्लादेश इस पर बयान देता तो भारत की क्या प्रतिक्रिया होती? इसी तरह इसी साल जुलाई में शेख़ हसीना की सरकार ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलवाई थीं, क्या भारत ने इसका विरोध किया था? भारत की सरकार और वहाँ का मीडिया अपनी सुविधा के हिसाब से मुद्दों का चयन नहीं कर सकते हैं.क्या चिन्मय कृष्ण दास पर राजद्रोह का केस दर्ज करना सही है? इस पर सोभान ने कहा, मैं भी मानता हूँ कि राजद्रोह का मुक़दमा सही नहीं है. मैंने इस पर ढाका ट्रिब्यून में संपादकीय भी लिखा है.लेकिन यह बांग्लादेश का मामला है और बांग्लादेश में इस पर बहस होनी चाहिए. भारत ने ईरान से कहा था कि उसे हक़ीक़त पता नहीं है और भारत के आंतरिक मामलों पर संदर्भ के बाहर टिप्पणी कर रहा है. भारत ने ईरान से यह भी कहा था कि उसे टिप्पणी करने से पहला अपना रिकॉर्ड देखना चाहिए.

द हिन्दू की डिप्लोमैटिक अफेयर्स एडिटर सुहासिनी हैदर ने इसी महीने एक इंटरव्यू में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से पूछा था, मैंने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों से बात की. वे डरे हुए हैं. इन्हें लगता है कि सरकार निशाना बना रही है. सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि बांग्लादेश एक इस्लामिक देश है. जो अभी सत्ता में हैं, उनके मुँह से यह कहते सुना गया है कि संविधान बदलना है और धर्मनिरपेक्षता की बात हटानी है. ऐसे में एक संदेश गया है कि आपकी सरकार इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर बढ़ रही है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 328 श्री राम, सीताजी और लक्ष्मण जी ने रात्रि आहार के रूप में कंदमूल और फल ग्रहण किए

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम ने कहा, निषाद राज! यह आपके राज्य का उपवन क्षेत्र है। अतः मुझे यहां रात्रि विश्राम करने में कोई परहेज नहीं है।

उन्होंने लक्ष्मण जी की ओर संकेत करते हुए निषादराज से कहा, दूर उस वृक्ष के पास लक्ष्मण रात्रि विश्राम के लिए शय्या का प्रबंध कर रहे हैं। यह आपका राज्य है और प्रकृति का सुरम्य वातावरण और गंगा नदी का निकटवर्ती क्षेत्र। यह हम चारों के लिए अत्यंत अनुकूल स्थान है।

लक्ष्मण जी ने बड़े मनोयोग से श्री राम और सीता जी के लिए कुश की शय्या तैयार कर दी। भव्य राजप्रासादों में रहने वाले श्री राम कुश के उस शय्या के निकट पहुंचे। लक्ष्मण जी ने रथ के पिछले भाग में रखी हुई पोटलिका से प्रच्छ (चादर) और अन्य वस्त्र निकाले तथा उसे व्यवस्थित रूप से रखे गए कुश के ऊपर बिछा दिया।

सीता जी ने स्वयं के पास रखे हुए फल और कंदमूल निकालकर सबसे पहले सुमंत जी और लक्ष्मण जी को दिए। इसके पश्चात निषादराज और श्री राम को रात्रि का आहार परोसा। सभी ने अपने दोनों हाथ जोड़कर सर्वप्रथम आज प्राप्त आहार के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। इसके पश्चात सभी ने प्रेमपूर्वक इन फलों और कंदमूलों को ग्रहण किया।

राजभवनों में 56 प्रकार का भोग ग्रहण करने वाले अयोध्या राज्य के दोनों राजकुमार और कुलवधू सीता जी अत्यंत सादगी पूर्वक सात्विक आहार ग्रहण कर रहे हैं। श्री राम आज निषाद राज के अतिथि हैं। अतः उन्होंने भी वही ग्रहण किया जो श्री राम ग्रहण कर रहे हैं। यह दोनों के मैत्री भाव की पराकाष्ठा है। आज पत्तलों में व्यंजन कम हैं लेकिन प्रेम में कहीं कोई कमी नहीं है और सीता जी ने सभी के भोजन ग्रहण कर लेने के बाद स्वयं ग्रहण किया। एक गृहिणी का धर्म निभाते हुए।श्री राम को प्रणाम कर और उनसे अनुमति लेकर निषादराज निकट के एक वृक्ष के पास पहुंच गए।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -252

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## तीन मिनट की कहानी

# मकान बोलता है

रमापति भाई कह रहे थे -

''दो बेटियो के बाद बेटा हुआ, तो पूरा घर खिल उठा था

चारो तरफ ऐसी रोशनी की गई कि मकान का हर कमरा जग मगाने लगा था। पिता ने कुलक कर कहा था मेरे इस बेटे ने, हम सबका मन प्रसन्न कर दिया। मैं अपने इस लाडले का नाम मन प्रसन्न कुमार रखता हूँ! माँ के मुख पर प्रसन्न की चमक आ गई । प्रमुदित स्वर में बोली -'' वाह! क्या खूब! कितना बढ़िया नाम रखा है आपने, एकदम नया नाम और बिलकुल ठीक, हम सबका मनप्रसन्न कर देने वाला, मन प्रसन्न कुमार । बड़ी बहन तब नाचती हुई दौड़ पड़ी थी पड़ोस में बोली - मैं जाती हूं अम्मा! अपनी सारी सहेलियों को बताती हूँ अपने छोटे-से सुन्दर भैया का सुन्दर नाम मनप्रसन्न कुमार। पिता मुग्ध हो गये थे बेटी की पुलकता से । कहा-'' रम्या! छोटी नव्या, को भी साथ ले जा, उसकी भी तो सहेलियॉ हैं।''नाव्या पापा की आवाज सुनते ही रम्या के पीछे - पीछे दौड़ पड़ी थी।''

-'' हॉ तो मनोज यह सब आज की बातें नहीं, वर्षो पहले का किस्सा है। अब तो मनप्रसन्न कुमार लगभग चालीस पैतालिस साल के हो गये है। न मॉ रही, न पिता और बहने रम्या व नव्या शादी के बाद अपने अपने ससुराल के काम काज में व्यस्त हैं। और मनप्रसन्न कुमार ....।'' रमापति भाई आगे कुछ कहते कि मनोज उत्सुक हो बीच ही में पूछ उठे-हां रमापति! यह तो बताओ, इतनी देर तक तुम्हारे ये मनप्रसन्न कुमार यहां हम लोंगों के साथ बैठे रहे एक दम चुपचाप। न हम लोगों की बातचीत में हिस्सा लिया और न ही अपनी कोई बात की ही कही। अचानक उनके जाने के बाद तुमने कितने आर्कषक ढंग से उनकी जन्म कथा सुनाई। अच्छा लगा । पर उनका स्वभाव देख कर मुझे तो यही लगता है कि अब वे मनप्रसन्न कुमार नहीं, मनहुस कुमार हैं। मैंने उनसे बात करनी चाही तो वे हंस कर नीम पेड़ की ओर देखने लगे । मेरी बातों को जैसे सुना ही नहीं । क्या बात है?''

रमापति ने सहजभाव से कहा - ''कोई खास बात नहीं है मनोज । मैं भी पहले उन्हें 'घुम नुमहा ' समझता था । वे प्रायः शाम को हमारी बैठक के वो कोने वाली कुर्सी पर बैठते हमारी गपशप सुनते । कभी-कभी मुस्कराते पर बोलते कभी नहीं कुछ देर बाद वे अपने घर चले जाते। मेरा मनोविज्ञान, उनके आगे फेल हो गया। तब मैंने समझ लिया ...।''

मनोज, रमापति के और करीब कुर्सी खींच कर बैठ गये - हाँ! हँ!! क्या समझ लिया ? ठीक से मुझे समझाओं !

रमापति हंस पड़े । बोले लगता है मनोज आप मनप्रसन्न कुमार पर कोई थीसिस लिखना चाहते है उनके स्वभाव में ऐसी कोई विशेषता नहीं है जो लिखी जाया या बताई जाय । दरसल मनुष्य सधारणतया दो स्वभाव के होते है -बहमुर्खी जो खूब बोलते है और दूसरे अन्तर्मुखी जो बहुत कम बोलते हैं अपने में ही खोये रहते है पर हां कभी - कभी समय देख कर, मन की बात भी कह जाते हैं ।''

मनोज ने सिर हिलाते हुए कहा - ''अच्छा तो ये मनप्रसन्न कुमार अन्तर्मुखी कुमार है। अच्छा चलता हूं भैया! कल रविवार है। शाम को आहए, कही धुमने चलेंगे ।''

रविवार की शाम मनोज को रमापति अपने घर गांधी चौक से होते हुए सोनारपारा आ गये । वे इन दिनों सब्जी - भाजी पर मजे से बैठी हुई महंगाई पर अपने अनोखे अन्दाज में बातें कर रहे थे कि एकाएक मनोज कह उठे -''अरे ये तो ... भैया ! रूको, यह तो मनप्रसन्न कुमार का घर है देखो वे बरामदे में बच्चे को ट्राईसिकिल में घुमा रहे हैं। मनप्रसन्न कुमार उनकी आवाज सुन कर तुरन्त नीचे उतर आये । लहक कर बोले- ओह! कितने आनन्द की बात कि आप लोग यहां, हमारे मकान के सामने ! आइए! आइए'' मनोज बाबू! आइए रमापति भैया ! आज की शाम बड़ी शुभ दायिनि शाम है जो आप मकान में आए । मैं मनप्रसन्न कुमार आज सचमुच आइए से प्रसन्न और हृदय से गद्‌गद् हो गया।आइए! आइए! भीतर कमरे में बैठते हैं।''

मनोज ने कहा-'यहीं बरामदे में ठीक है।' मनप्रसन्न कुमार चट से मनोज का हाथ पकड़ कर बोले- ''नहीं भैया! यहॉ नहीं! यहॉ तो सड़क की बहुत धूल-मिट्टी आती रहती है। भीतर कमरे में मजे से बैठते हैं। आइए! इधर हॉ! आप सोफा पर बैठिए।'' फिर उन्होंने आवाज दी- ''बिट्टी की मॉ! इधर आओ जल्दी! जो काम कर रही है छोड़ दो! देखो, रमापति भैया आए है साथ में मनोज भैया भी है।

बिट्टी की मॉ हाथ पोंछते-पोंछते तुरन्त आ गई। उन्हे सादर नमस्कार किया। मनप्रसन्न कुमार ने बड़ी प्रसन्नता से कहा-''इन्हे क्या खिलाओगी बिट्टी की मॉ!'' बिट्टी की मॉ ने हॅस कर कहा-''सूजी का हलवा और साबूदाना के पापड़।' मनप्रसन्न ने एकदम मना किया- ''नहीं! नही!! भैया को आटे का हलवा पसन्द है बढ़िया बनाना काजू-किसमिस डाल के। और देखो, साबू-आबूदाना का पापड़ नहीं, प्याज का भजिया बनाना। मैं जानता हूॅ इन्हे भजिया खूब प्रिय है।''

रमापति भैया मुग्ध हो गये। चहक कर बोले-''वाह! आप तो खूब बोलते हो भाई। मैं तो सोचता था....।'' मनप्रसन्न भावामिभूत हो गये। बोल उठे- आपके सामने मैं कया बोलू भैया। ये तो...। खैर! मैं आप लोगों के लिए ट्रे में पानी लेकर आता हूॅ।''उनके भीतर जाने के बाद मनोज ने मुस्कराते हुए कहा-सचमुच, मनप्रसन्नकुमार कहॉ बोलते हैं, ये तो उनका मकान बोलता है।''



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल



### मेष

आज आपका दिन बहुत ही एनर्ज़ेटिक रहने वाला हैं। वकील आज पूराने क्लाइंट के माध्यम से नए क्लाइंट्स से जुड़ेंगे। मेकैनिकल इंजीनियर्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे।पुराने मित्रों से काफी लम्बी बात होगी। पेट की समस्या से खुद को फिट महसूस करेंगे।




### वृष राशि

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा में आपकी थोड़ी लापरवाही से निराशा होने की सम्भावना है अतः आप मेहनत जारी रखिये।टेक्सटाइल का कारोबार कर रहे लोगों के काम में अच्छा लाभ होगा।शिक्षकों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर होगा। फालतू की शौपिंग करने से बचें।




### मिथुन

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा।नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा।आज ऑफिस की जरुरी मीटिंग में आप शामिल हों सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन सामान्य रहेगा। प्लांट नर्सरी का काम कर रहे लोगों की अच्छी सेल होगी।स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से आपको राहत महसूस होगी।



### कर्क

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड से होगी।मौसम में परिवर्तन की वजह से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव हो सकता है। अपने जीवनसाथी को कुछ महंगा उपहार देंगे। ऑफिस में अपने कार्यों पर ध्यान दें, नहीं तो कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है।घर में किसी के आने से खुशी का माहौल बनेगा।



### सिंह

आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिल जाएगी।खुद को फिट महसूस करेंगे।आज आपको जीवन में बड़ी खुशखबरी मिलेगी, परिवार में खुशियाँ आयेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों के राजकाज की तारीफ़ होगी।मित्रों का सहयोग मिलेगा।आज आप किसी कारण से लम्बी यात्रा कर सकते हैं।




### कन्या

आज आपका दिन क्रिएटिव होने वाला है।ऑफिस में बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे।व्यापार को आगे बढ़ाने की नयी योजना सफल रहेगी। स्टूडेंट अपने पूराने चैप्टर को रिवीजन करेंगे।आज आपको बुजुर्गों का स्नेह और प्यार मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज नए लोगों से मुलाकात करेंगे।पारिवारिक स्थिति सामान्य रहेगी।




### तुला

आज आपका दिन..आपके जीवन में नए बदलाव लायेगा। नयी योजनाओं का विचार कर रहे लोग आज उसकी शुरुआत करेंगे। ऑटोमोबाइल का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में इजाफा होगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को अपना अभ्यास जारी रखना चाहिए। आप अपने रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे।




### वृश्चिक

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा।बिजनेस में आज अपने काम करने का तरीका बदलेंगे, काम का अच्छा रिजल्ट जल्द ही आपको मिलेगा। समाज सेवा क्षेत्र से जुड़े लोग आज फण्ड एकत्रित कर सकते हैं। आज आपको कुछ नए अनुभव मिलेंगे। आज आप अपने मित्रों के साथ शौपिंग करने जायेंगे।




### धनु

आज आपके दिन की शुरुआत अपनों के साथ होगी।ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को कस्टमर से तारीफ़ मिलेगी।विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को आज सम्मान मिलेगा।आप कोई नया काम सीख सकते हैं जिसका आपको भविष्य में लाभ मिलेगा। प्राइवेट विभाग में कार्यरत लोगों का ट्रान्सफर उनकी मनपसंद जगह पर होगा।




### मकर

आज आपके दिन की शुरुआत आपके जीवन में नए बदलाव लाएगी। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बना रहेगा।बिजनेस में किसी की सलाह से कार्य करने का तरीका पता चलेगा।जीवन में दिनचर्या अपनाने से लाभ मिलेगा। आज योग व मेडीटेशन सेंटर शुरू करने के लिए अच्छा दिन हैं, ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ेंगे।



### कुंभ

आज का दिन आप कुछ नया सीखेंगे। नर्सिंग का कोर्स कर रहे छात्रों का प्लेसमेंट अच्छी जगह पर होगा।डिप्रेशन की समस्या से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। ऑफिस के रुके कार्यों को अपने कलीग की मदद से आज पूरा कर लेंगे। कई दिनों से बिजनेस में आ रही गिरावट से आज आपको लाभ मिलने वाला है।



### मीन

आज आपका दिन जीवन में नई दिशा लेकर आएगा। एग्रोकेमिकल बिजनेस कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा आर्डर मिलेगा।आज आप जीवन को नई दिशा देने के बारे सोच सकते हैं। ग्राफिक डिजाईन के स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव करने का विचार बनाएँगे।आज आपका मूड अच्छा रहने वाला है। आज माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखायेंगी।

## सू- दोकू क्र.252

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# राजधानीवासी डॉ. ग्लैडसन जॉनसन के साथ लगाएंगे दौड़, खेल मंत्री करेंगे उद्घाटन




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज रविवार को आईएनएच के द्वारा 'फ्रीडम रायपुर रन' का आयोजन किया जायेगा। राजधानीवासी फिटनेस आइकॉन डॉ. ग्लैडसन जॉनसन के साथ रायपुरवासी दौड़ लगाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। दौड़ को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इस दौड़ में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## दो वर्गों में आयोजित की जाएगी दौड़

मरीन ड्राइव तेलीबांधा में आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ दो वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहली 5 किलोमीटर और दूसरी 10 किलोमीटर। इस दौड़ में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। दौड़ कल सुबह 6 बजे शुरू होगी। 10 किलोमीटर की दौड़ के विजेताओं को 50- 50 हजार रुपए और 5 किलोमीटर के विजेताओं को 25 -25 हजार रुपए नकद पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। इस दौड़ में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग भी भाग लेंगे।

## सनफ्लावर ऑयल सहित कई कंपनियां हैं स्पांसर

इस मैराथन दौड़ के टाइटल स्पांसर फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल हैं। जबकि एसोसिएट स्पांसर के रूप में भारतवासी अगरबत्ती, कंक्रीट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस, रूंगटा समूह आर-1, रामा टीएमटी, वचन, इफको, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, और आउटडोर पार्टनर एएसए एडवरटाइजर शामिल हैं। इस आयोजन में विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन, रायपुर पुलिस और खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ का भी मिलेगा।

## विशेष अतिथि के रूप में ये विधायक और नेता रहेंगे मौजूद

उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे उपस्थित रहेंगे। वहीं, समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव होंगे, जबकि अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु सुखवंत साहेब और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# आटो, ई-रिक्शा वाहन चालकों का मीटिंग लेकर यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाईश



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस द्वारा आटो/ई-रिक्शा वाहन चालकों का मीटिंग लिया गया जिसमें आटो संघ अध्यक्ष, डीजल ऑटो संघ रेल्वे स्टेशन एवं अन्य आटो, ई-रिक्शा चालक उपस्थित आये। मीटिंग में समझाईश दिया गया कि निर्धारित ऑटो स्टैण्ड में वाहन खड़ी करें, यातायात नियमों/सिग्नल का पालन करें। सवारी को निर्धारित आटो स्टैण्ड से बिठाये एवं सवारी को बीच रोड में वाहन खड़ी कर न उतारें, वाहन रोड किनारे कर निर्धारित स्थान पर ही सवारी उतारने समझाईश दिया गया।

सभी ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को यातायात पुलिस द्वारा जारी यूनिक नंबर लगाने अनिवार्य किया गया। क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने एवं आटो, ई-रिक्शा चलाते समय निर्धारित वर्दी पहनने हेतु समझाईश दिया गया। यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के अधीन कार्यवाही किया जायेगा। शहर के सभी ऑटो, ई-रिक्शा वाहन चालकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, रोड एक्सीडेंट से बचे, सुरक्षित रहें।

# खैरागढ़ में धोखाधड़ी मामले में बिल्डर पर एफआईआर दर्ज



दूसरे की जमीन को अपना बताकर किया सौदा, पैसे लौटाने से किया इनकार

खैरागढ़ (दावा)। दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचने और अग्रिम भुगतान के पैसे वापस न करना खैरागढ़ के एक नामी बिल्डर पर भारी पड़ गया। आईजी के निर्देश पर पुलिस ने बिल्डर विकास आर्या के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया है, मामले में शिकायतकर्ता अस्पताल चौक निवासी सीबी तिवारी ने बताया कि उन्होंने 18 अगस्त 2020 को खम्हरिया खुर्द, पटवारी हल्का नंबर 31, ब्लॉक नंबर 01, प्लॉट नंबर 39 में 2500 वर्गफुट जमीन खरीदने के लिए बिल्डर विकास आर्या से इकरारनामा किया।

इसके लिए अलग-अलग किश्तों में 6 लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया, इकरारनामा के अनुसार, जनवरी 2021 तक जमीन की रजिस्ट्री होनी थी, लेकिन बिल्डर लगातार टालमटोल करता रहा, इस बीच उन्हें पता चला कि जिस जमीन का सौदा बिल्डर ने किया है, वह राजस्व रिकॉर्ड में उसके नाम पर ही नहीं है। इतना ही नहीं, तय समय से पहले ही बिल्डर ने उसी जमीन को किसी और को बेच दिया था, इस पर जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो बिल्डर टालमटोल करने लगा, जिसके बाद उन्होंने एसपी कार्यालय और थाने में शिकायत की. बिल्डर के रसूख के कारण न तो एसपी कार्यालय की ओर से और न ही थाने की ओर से कोई कार्रवाई की गई। आखिरकार थक-हारकर उन्होंने आईजी से शिकायत की। जांच के बाद एसडीओपी कार्यालय ने आरोप सही पाए, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# पहला कॉलम...

## संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में



राजनांदगांव (दावा)। मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' की 75वीं वर्षगांठ मनायी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में व्याख्याता नेहा ठाकुर ने भारतीय संविधान के महत्व और संविधान सभा के गठन पर विस्तृत जानकारी दी। उनके व्याख्यान से छात्राओं को संविधान की गहरी समझ और उसकी प्रासंगिकता के महत्व को जानने का अवसर मिला। इसके उपरांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं और अधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय संविधान से जुड़ी अपनी जानकारी को परखा और महत्वपूर्ण तथ्यों को समझा। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ एम.के. चौबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमलता लहरे, इशान साहू, स्मिता सोनपापरे, हुमिका ताम्रकार, डॉ हरनीत कौर भाटिया, डॉ सविता चौधरी, केदार सिंह राजपूत, प्रशांत शर्मा और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाया। यह कार्यक्रम न केवल संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर था, बल्कि युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत सभी ने संविधान का शपथ लिया।

## अग्रवाल समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने लक्ष्मी नारायण अग्रवाल

**0 वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अग्रवाल को सामाजिकगणों ने दी बधाई**




डोंगरगढ़(दावा)। अग्रवाल सभा की आम सभा और वर्ष 2024 -28 के अध्यक्ष पद के लिए विशेष सभा का आयोजन अग्रसेन भवन में किया। इस आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिको ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। नव नियुक्त प्रदेश सचिव प्रणय अग्रवाल ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और नए अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया।

अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के लिए सहमति बनी। जिसे सभा ने अनुमोदन किया गया। माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट्र समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल वरिष्ठ समाज सेवी सिद्ध गोपाल नरेड़ी,कमल किशोर लोहिया, महेंद्र अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज मारवाड़ी समाज एवं सभी समाज के सामाजिक गणों ने श्री अग्रवाल को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## ढाल सिंह ओझा का चयन राष्ट्रीय कबड्डी टीम में

**हायर सेकेण्डरी स्कूल मड़ियान में अध्यनरत है ढाल सिंह**



डोंगरगढ़ (दावा)। 68वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता भिवानी हरियाणा के लिए हायर सेकेण्डरी स्कूल मड़ियान के ढालसिंह ओझा का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ कबड्डी टीम की ओर से ढालसींग ओझा अपना जौहर दिखाएंगे। प्रतियोगिता 07 दिसंबर से 11 दिसंबर तक हरियाणा में आयोजित है। कबड्डी खिलाड़ी ओझा की इस उपब्धियों पर शाला के प्राचार्य सोमबरत कंवर व शाला के खेल शिक्षक हरीश साहू, सरपंच श्रीमति राजो बाई कोषा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामसाय मंडावी ने बधाई दिया है ।

## दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा कु. दीक्षा ताम्रकार का चयन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा कु दीक्षा ताम्रकार ने रायगढ़ के ओपी जिंदल वि.वि. में दिनांक 22-25 नवंबर तक आयोजित छ.ग. राज्य स्तरीय 5 वीं योगासन प्रतियोगिता में आर्टिस्टीक योगासन में द्वितीय स्थान तथा टेऊडीशनल योगासन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धी के आधार पर इनका चयन तुमतुम कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ.के.एल. दामले ने इस उपलब्धी के लिए महाविद्यालय के क्रीडाधीकारी श्री अरूण चौधरी तथा छात्रा कु.दीक्षा ताम्रकार को बधाई देते हुए राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# विक्रांत की मौजूदगी में सोसायटी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित नचनिया, रामपुर एवं पैलीमेटा में राज्य सरकार द्वारा नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नचनिया सोसायटी में ललित सोनी, रामपुर सोसायटी में पारासर ठाकरे एवं पैलीमेटा सोसायटी मे युवराज पटेल ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष निजाम सिंह मंडावी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि किसानों एवं शासन को जोड़ने की कड़ी के रूप में सेवा प्रदान करने राज्य सरकार ने सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में मनोनीत किया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार एवं राज्य में विष्णुदेव साय की सुशासन की डबल इंजन की सरकार आप समस्त किसानों के आशीर्वाद से निरंतर कार्य कर रही है। घोषणा पत्र के अनुसार भाजपा ने जो कहा वह हमारी सरकार ने पुरा किया है। सरकार बनते ही किसानों के धान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं तीन हजार एक सौ रुपये में खरीदने का वादा को पूरा किया। आज किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सीधे उनके खाते में राशि प्रदान किया जा रहा है।

किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति कर किसानों के विषय को हल करने आप किसानों के बीच से नियुक्ति किया गया है। हमने बनाया है हम ही सवारेंगे के मूलमंत्र को हमारी सरकार साकार कर रही है, सभी वर्गों एवं सभी क्षेत्रों में विकास का कार्य कर रही है। निजाम मंडावी ने कहा कि किसानों के एक एक दाना को खरीदने का कार्य सोसाइटी के माध्यम से डॉ.रमन सिंह की सरकार ने प्रारम्भ किया। बीच में पांच वर्ष दूसरे पार्टी की सरकार बनी जिनके कार्यकाल में किसानों को धान बेचने हेतु रातभर टोकन के लिए जागना पड़ता था। लेकिन अब ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से किसानों को टोकन प्रदान किया जा रहा है। नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष ललित सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के किसानों धान विक्रय, ऋण संबंधी एवं खाद्य बीज के लिए किसी को परेशानी न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा और इस नये दायित्व के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित जिले के सभी वरिष्ठों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा मंत्री आनंद पटेल, आनंद सिन्हा, संतोष ठाकुर, प्रह्लाद मरकाम, महेंद्र यादव, मन्नू मरकाम, ओमलाल साहू, शत्रुहन साहू, कमल मेरावी, अनुज साहू, देवलाल साहू, रामस्वरूप यादव, रामलाल जंघेल, गगन अग्रवाल, गोपी चंद बंजारे, जैता पटेल, शाखा प्रबंधक पुरुषोत्तम श्रीवास समिति प्रबंधक चालेश्वर यादव एवं संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# धान खरीदी के चंद दिनों में ही साय सरकार की फूलने लगी सांस - परस साहू



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुआ है जिसके बाद पिछले 15 दिनों में ही अव्यस्था का आलम देखने को मिलने लगा है किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराने के कारण 40 से 50 रुपए प्रति बोरे की दर से बिचौलियों से बारदाना खरीदने किसान मजबूर दिखाई दे रहे है वहीं दूसरी और जिन किसानों ने पहली सप्ताह में धान बेचा है उनको 3100 रुपए की जगह लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया गया है। युवा नेता परस साहू ने बताया कि धान खरीदी के पहले सप्ताह से ही साथ सरकार की सांस फूलने लगी है जिसका जीवंत उदाहरण है कि किसानों को कथित डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी बारदाना उपलब्ध नहीं करा पा रहे है साथ ही चुनावी वायदे में धान का एक मुश्त 3100 रुपए देने के वायदे भी झूठे साबित हो रहे है आज किसानों को लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है जिससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं जो कि स्पष्ट रूप से दिखाता है कि भाजपा की सरकार धान खरीदी के मामले पर विफल हो गई है। परस साहू ने कहा कि हमारे जिले के भाजपा नेता अपने आप को किसान व जन हितैषी बताते है आज किसान हितैषी बनने का सही समय है भाजपा नेताओं को सोसायटी में जाकर किसानों से मिलना चाहिए और अपनी विफलता बताते हुए अन्न दाताओं को परेशान करने, बारदाना उपलब्ध नहीं करने के लिए माफी मांगनी चहिए।

# सुरगी सोसाइटी में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया



राजनांदगांव (दावा)। सुरगी सोसाइटी धान खरीदी केंद्र में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना किया एव समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और स्वगात भाषण समिति प्रबंधक जितेंद्र चन्द्राकार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है किसानों का धान एक-एक दाना सरकार लेगी और जिले में सुरगी सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि किसानों की सोसायटी है हम सब को मिल कर काम करना है। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल कोमल सिंह राजपूत, आनन्द साहू मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर ने सम्बोधित किया और समस्त अतिथियों ने लीलाधर साहू को शुभकामनाएं दी। सुरगी सोसायटी के निवृतमान बिसेलाल साहू को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, लेखराम निर्मलकर, नारद साहू, सुकृत साहू, श्रीमती पुष्पा गायकवाड, खिलेश्वर साहू, छबि यदु, योगेश बंजारे, नील निर्मलकर, उपस्थित थे।

**मुख्य अतिथि सचिन बघेल ने कहा कि किसानों की एक एक दाना सरकार खरीदी करेगी**

इस अवसर पर कैलैदी यादव, जितेंद्र साहू, नारायण दास ठाकुर, भुषण साहू, गुरुचरण सिन्हा, खिलेश्वर साहू किसान मित्र, तेजप्रकाश सिन्हा, रैन सिंह साहू, चंद्रप्रकाश साहू, तोमन निषाद नरोत्तम मंडल, शंकर दीपक, बोधा गहने, कमलेश साहू, परदेशी साहू, भुनेश्वर साहू, मेवा साहू, गैंद लाल चंद्राकर कृष्णा, तीरथ, अर्जुन खेमदास साहू मिलनदास साहू, परख दास साहू, केवल कतलम हुमन साहू, मानदास साहू, युवराज यादव मानिक साहू खेमुदास जीवन लाल साहू, हेमंत साहू, महेश दिवाकर, श्रीमती मधुसुकृत साहू सदस्य, रूखमणी साहू, लक्ष्मी साहू, अमरीका साहू, पसीका साहू, कोमिन साहू आदि किसान बंधु समेत अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोज साहू और आभार लीलाधर साहू ने किया।

# आज डोंगरगढ़ में रविदास समाज का शपथ ग्रहण



डोंगरगढ़(दावा)। जिला रविदास समाज के जिला स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे,विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर सहित क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि को समाज की ओर से आमंत्रित किया गया है।

जिला स्तरीय सम्मेलन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। सेवादार परदेशी चौरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह के लिए निमंत्रण देने सामाजिक गणों द्वारा गत दिनों सांसद संतोष पांडे,विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित अन्य जन प्रतिनिधियो से भेंट मुलाकात की गई थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास समाज के जिला अध्यक्ष रामसिंह खरे, विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक, डोंगरगढ, विनोद खाण्डेकर पूर्व विधायक, डोंगरगढ़, सुदेश मेश्राम न.पा. अध्यक्ष, डोंगरगढ़ एवं समस्त जिलाअध्यक्ष अहिरवार समाज छ.ग. प्रदेश, उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दिनाँक 01 दिसंबर दिन रविवार को समय-सुबह 11 बजे से स्थान संत रविदास नगर, वार्ड नं. 21, डोंगरगढ़ में आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष मकसूदन हठीले, आकाश कुमार कन्नौजे कोषाध्यक्ष, लव मालेकर सचिव, परदेशी चौरे सेवादार, शैलेश मालेकर प्रचारक सहित प्रमुख सामाजिकगणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की आज सभी जिलों में बैठक

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ प्रांतीय बैठक कोंडागांव में संपन्न होने के बाद छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में दिनांक 1 दिसंबर रविवार को बैठक आयोजित कर रहा है। इसी तारतम्य में जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ इकाई जिला राजनांदगांव प्रांतीय निर्देशानुसार संघ की बैठक दिनांक 1 दिसंबर समय 12:00 बजे कलेक्ट्रेट के सामने ओवर ब्रिज के नीचे जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कर रहा है। बैठक में संघ की 6 सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

6 सूत्रीय मांगों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का नियमितीकरण कार्यभारित कर्मचारियों को 240 दिन का अवकाश नगदी कारण एवं कार्यभारित कर्मचारियों का नियमित स्थापना में संविलियन समय मान वेतन पदोन्नति क्रमन्नति सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से 65 वर्ष किए जाने सहित अन्य मांगे शामिल है। इसी तरह आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी का नियमितीकरण किए जाने के संबंध में संघ के द्वारा पूर्व में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। कर्मचारी संघ की बैठक में निर्णय लिया जाना है कि अक्टूबर 2023 के सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के अनुसार अन्य विभागों में भी कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए जिला स्तरीय छानबीन समिति का गठन कर नियमितीकरण की कार्यवाही शुरू की जाए।

योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री, हरिश्चंद्र यादव जिला अध्यक्ष, माधोदास जिला अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा कर्मचारियों से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति देवें।

साथ ही आगामी फरवरी में संघ की हड़ताल का आयोजन किया जाना तय किया गया है। जिसके लिए जिला स्तरीय बैठक प्रस्ताव तैयार कर प्रांत को भेजा जाना है।

# मुर्गी पालन व्यवसाय से आर्थिक समृद्ध बनने का मिला सुनहरा अवसर



मोहला (दावा)। विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत उरवाही के संजय के जीवन में अब समृद्धि ने दस्तक दी है। अब वह अपने जीवन को आर्थिक तन्हाई से दूर कर आर्थिक समृद्धि में जीवन व्यतीत करने लगा है। श्री संजय ने बताया कि वह मजदूरी के साथ खेती-किसानी का काम करता है। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में हमेशा तंगहाली होता था। इसके चलते वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा नहीं कर पता था। इस स्थिति में उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय करने का निश्चय लिया और ग्राम पंचायत से संपर्क किया। ग्राम पंचायत के द्वारा मनरेगा के तहत उसके घर की बाड़ी में मुर्गी शेड बनाया गया है। मुर्गी शेड में वह 500 देसी मुर्गी का पालन कर रहा है। उन्नत एवं देशी नस्ल की मुर्गी पालन से उसे काफी अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उसे अभी तक 50 हजार की आर्थिक आमदानी हो चुकी है। मुर्गी बेचकर मिली राशि से वह अपने परिवार की जरूरत को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन से अब उसके घर में उमंग भर आया है। उन्होंने योजना के लिए शासन के प्रति आभार जताया है।

# विधायक भोलाराम साहू पहुंचे नेवता भोज कार्यक्रम में जरहाटोला



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। क्षेत्र की जनता की आवाज व विधायक भोलाराम साहू आज ग्राम जरहाटोला में आयोजित नेवता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर किया। शाला परिवार एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का जबरदस्त उत्साह के साथ स्वागत, सम्मान किया। विधायक श्री साहू जी ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत हुए और जल्द निराकरण करने लोगों को आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस उदेराम साहू, बेनीप्रसाद साहू, सरपंच हुमन चंद्रवंशी, सगुण साहू, ललित कोसरे, ग्राम पटेल सगुण हुण्डरे, पी.डी.साहू प्राचार्य रेंगाकठेरा, के.आर.रामटेके सर प्राचार्य आमाटोला, अर्जुन लाउत्रे, श्रीमति जगीता ठाकुर प्रधान पाठक एवं ग्राम के समस्त ग्रामीणजन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## पाकिस्तान सेना ने 17 आतंकवादियों को मार गिराया

पेशावरः आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना का अभियान जारी है। पिछले कुछ दिनों से सेना ने आतंकियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। ताजा मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हेलीकॉप्टर से हमला किया। इस दौरान सेना ने कम से कम 17 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है।

सेना के सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में इन अभियानों को अंजाम दिया गया। बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में सुरक्षा बलों ने हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों के ठिकाने पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 12 आतंकियों को मार गिराया। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में अंजाम दिया गया, जहां पांच आतंकवादी मारे गए। बड़ी मात्रा में पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी भी की है। सेना के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियारों व गोला-बारूद जब्त किए गए। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकवादियों की तस्वीरें भी जारी कीं। सुरक्षा बलों की सहायता के लिए अतिरिक्त जवानों को रवाना किया गया है और अभियान जारी है। बता दें कि पाकिस्तान पिछले कई हफ्ते से आतंकियों के खिलाफ अभियान चला रखा है।

## शतरंज चैंपियन कार्लसन हुए19 साल के

नई दिल्ली। कार्लसन 2013 में विश्वनाथन आनंद को हराकर विश्व शतरंज चैंपियन बने और उसके बाद 2014 में विश्वनाथन के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा भी की। इस तिथि को जन्मे विश्व चैंपियन श्रृंखला के तहत मैं एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताना चाहूंगा जिन्हें सर्वकालिक सबसे मजबूत खिलाड़ी के रूप में गिना जाता है। वो कोई और नहीं बल्कि मैग्नस कार्लसन हैं। स्वेन मैग्नस कार्लसन का जन्म नॉर्वे के टोंसबर्ग में 30 नवंबर 1990 को हुआ। उनकी मां सिगरन ओइन एक केमिकल इंजीनियर थीं जबकि पिता हेनरिक अल्बर्ट कार्लसन एक आईटी सलाहकार  मैग्नस ने शतरंज की शुरुआत अपनी बड़ी बहन को गेम में हराने की चुनौती के साथ शुरू की और देखते ही देखते वह बाकी सभी को भी हराने लगे। नैसर्गिक रूप से प्रतिभावान कार्लसन ने 13 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। पंद्रह साल की उम्र में उन्होंने नॉर्वे की शतरंज चैंपियनशिप जीत ली। अठारह साल की उम्र में 2800 की रेटिंग पार कर ली। वर्ष 2010 में 19 साल की उम्र में वह दुनिया के सबसे युवा नंबर-1 खिलाड़ी बन गए।

## कोलकाता के अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से किया इंकार

कोलकाता। उत्तर कोलकाता के मणिकतला इलाके में स्थित जेएन रे अस्पताल ने बांग्लादेश के नागरिकों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए यह घोषणा की है कि अब वह बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेगा. अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, यह कदम बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारतीय ध्वज का अपमान करने के कारण उठाया गया है.अस्पताल के एक अधिकारी, शुभ्रांशु भक्त ने शुक्रवार को कहा, 'हमने आज से अनिश्चितकाल के लिए बांग्लादेशी मरीजों को भर्ती करने से मना कर दिया है. इसका मुख्य कारण यह है कि बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारतीय ध्वज का अपमान किया गया है.' उन्होंने अन्य अस्पतालों से भी इस कदम का समर्थन करने की अपील की है, ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध दर्ज किया जा सके.

## इटली में सरोगेसी को अब कहा जाएगा 'यूनिवर्सल क्राइम'

नई दिल्ली। इटली सीनेट ने सरोगेसी पर बैन लगाने वाले कानून को पारित कर दिया है। इस देश में सरोगेसी पहले से ही अवैध है और 2004 से ही है, ऐसे में यह नया कानून बैन को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। बताया जा रहा है सरोगेसी पर नए कानून के बाद से इसे 'यूनिवर्सल क्राइम' कहा जा रहा है। बैन का वर्णन करने के लिए 'अपराध' (रीटो यूनिवर्सल) शब्द के इस्तेमाल ने और अधिक चिंता बढ़ा दी है। यह भाषा इतने गंभीर माने जाने वाले अपराधों के लिए इतालवी आपराधिक संहिता के शब्दों की याद दिलाती है कि वे मूल्य का उल्लंघन करते हैं। इसलिए यह शब्द सरोगेसी को नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के बराबर रखता है। सरोगेसी को अनुमति दी जानी चाहिए या प्रतिबंधित, इस पर देश एकमत नहीं हैं। विभिन्न प्रतिबंधों और सुरक्षा उपायों के बावजूद, कई लोग इसकी अनुमति देते हैं। ग्रीस में, गैर-व्यावसायिक सरोगेसी 2002 से कानूनी है, जिससे भावी माता-पिता को जन्म के समय कानूनी पितृत्व प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। कैलिफोर्निया में,  व्यावसायिक सरोगेसी सरोगेट को मुआवजा मिलने की भी अनुमति है।

# सिंधु आसान जीत के साथ महिला एकल के फाइनल में, तनीषा-ध्रुव की जोड़ी का भी कमाल



नई दिल्ली। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया।

सिंधु के दमदार खेल के सामने उन्नति को संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कई गलतियां की जिसके कारण उनकी मजबूत प्रतिद्वंदी ने पूरे मैच के दौरान नियंत्रण बनाए रखा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैंने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। मैंने कुछ स्ट्रोक आजमाए और कुल मिलाकर मैं जिस तरह से खेली उसको लेकर आश्वस्त थी।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्नति ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन मैंने उसे कोई मौका नहीं दिया। मैंने शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी। वह उदीयमान खिलाड़ी है और मैं उसे शुभकामनाएं देती हूं।' सिंधु ने कहा, 'मुझे अब कल की तैयारी पर ध्यान देना होगा क्योंकि यह आसान मुकाबला नहीं होगा। मुझे शुरू से लेकर आखिर तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' यहां अपने तीसरे खिताब की कवायद में लगी सिंधु का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। इससे पहले तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीन की पिन यी लियाओ और के शिन हुआंग तथा थाईलैंड की डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। सिंधु ने सेमीफाइनल मैच में शुरू में ही 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद 17 वर्षीय उन्नति ने कुछ अच्छे अंक बनाए लेकिन वह सिंधु को इंटरवल तक 11-8 से बढ़त लेने से नहीं रोक पाई। सिंधु इसके बाद 15-8 से आगे हो गई और फिर उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी कहानी नहीं बदली तथा सिंधु ने आक्रामक खेल दिखाकर अपना दबदबा बनाए रखा।

# साउथ अफ्रीका क्रिकेट पर मैच फिक्सिंग लगा दाग, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका क्रिकेट पर मैच फिक्सिंग का दाग लग गया है। अफ्रीका टीम के पूर्व क्रिकेटर और वनडे में पूर्व नंबर-1 गेंदबाज लोनवाबो सोतसोबे को मैच फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



सोतसोबे के अलावा विकेट कीपर-बल्लेबाज थामी सोलेकिले और इथी मभालती भी गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों को 2015-16 रैम स्लैम टी20 मैच फिक्सिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है।

तीनों पर भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम और मुकाबला अधिनियम, 2004 की धारा 15 के तहत आरोप लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम और मुकाबला अधिनियम की धारा 15 खेल आयोजनों से संबंधित भ्रष्ट गतिविधियों से संबंधित है। तीनों पर मैचों में हेरफेर करने के लिए रिश्वत लेने या देने का आरोप है, जिससे खेल की अखंडता प्रभावित होती है।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, ये तीनों खिलाड़ी उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें क्रिकेट साउथ अफ्रीका (CS[illegible]) ने खेल को बदनाम करने के लिए प्रतिबंधित किया था। बता दें कि CS[illegible] ने 2015-16 के रैम स्लैम चैलेंज टी20 के दौरान मैच फिक्स करने के प्रयासों में शामिल होने के लिए उन पर प्रतिबंध लगाया था। तीनों के खिलाफ मामलों को फरवरी 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, जोश हेजलवुड दूसरे मुकाबले से बाहर

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे ऑस्ट्रेलिया को दूसरे मुकाबले से पहले जोरदार झटका लगा है. पर्थ टेस्ट में हार के बाद तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे मुकाबले से बाहर हो गए हैं. साइड स्ट्रेन के कारण वह भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट नहीं खेल पाएंगे. 33 साल के हेजलवुड एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह स्कॉट बोलैंड को शुरुआती ङ्खढ्ढ में शामिल किया जाएगा.

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जोस हेजलवुड के दूसरे टेस्ट से बाहर होने पर बयान जारी किया है. घरेलू टीम ने अनकैप्ड जोड़ी सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को टीम में शामिल किया है. च्जोश हेजलवुड साइड इंजरी के कारण डे-नाइट टेस्ट से बाहर हो गए हैं और ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं ने अनकैप्ड पेस जोड़ी को टीम में शामिल किया है. जोश हेजलवुड को साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, और दो अनकैप्ड गेंदबाजों को कवर के रूप में बुलाया गया है सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट दोनों को भारत के खिलाफ एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. 2023-25 के इस टूर्नामेंट में उन्होंने 12 मैच खेलकर 56 विकेट अपने नाम किए हैं. ने पिछले पिंक बॉल टेस्ट में एडिलेड ओवल में पांच विकेट लिए थे और इस मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थे.

# मोहम्मद शमी फिर हुए चोटिल

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी इन दिनों बंगाल के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल रहे हैं. टूर्नामेंट के बीच शमी के चोटिल होने की खबर सामने आई. कुछ दिन पहले ही शमी ने इंजरी से वापसी की थी. ऐसे में शमी का बैक टू बैक चोटिल हो जाना टीम इंडिया के लिए वाकई चिंता की बात है. इस बार शमी के बैक में दिक्कत आई है.

शुक्रवार को निरंजन शाह स्टेडियम में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बैक में दिक्कत हुई. पारी का आखिरी ओवर फेंकने के दौरान शमी ने गेंद रोकने की कोशिश की और वह गिर गए. गिरने के बाद शमी असहज दिखाई दिए और उन्होंने अपनी बैक पकड़ ली. इसके बाद मैदान पर शमी की जांच की गई.

# एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर जलवा बिखरेंगे शिखर धवन



**पहली बार वह नेपाल प्रीमियर लीग में खेलेंगे**
**2 दिसंबर को जनकपुर बोल्ट्स से होगा मुकाबला**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सुपरस्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने 24 अगस्त 2024 को इंटरनेशनल क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसी वजह से वह इस साल वह आईपीएल में भी खेलते हुए नहीं आएंगे। अब फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है और धवन एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर जलवा बिखरने के लिए तैयार हैं। वह नेपाल प्रीमियर लीग में पहली बार खेलेंगे। NPL में वह करनाली याक्स का हिस्सा हैं और इस बात की जानकारी फ्रेंचाइजी ने खुद ट्वीट करके दी है।

नेपाल प्रीमियर लीग 2024 का पहला सीजन 30 नवंबर से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा। शिखर धवन की टीम करनाली याक्स का पहला मुकाबला 2 दिसंबर को जनकपुर बोल्ट्स से होगा। जिसमें धवन खेल सकते हैं। उनकी टीम के कप्तान सोमपाल कामी हैं।

### करनाली याक्स ने किया ट्वीट

करनाली याक्स ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि इंतज़ार खत्म हुआ - शिखर धवन 'गब्बर' आ गए हैं। नेपाल प्रीमियर लीग के अविस्मरणीय सीजन के लिए करनाली याक्स में शामिल होने के लिए पावर-पैक प्रदर्शन के लिए तैयार हो जाइए। आइए मिलकर ट्रॉफी घर ले आएं। शिखर धवन ने भारतीय टीम के लिए तीनों फॉर्मेट में इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है। उन्होंने टीम के लिए 34 टेस्ट मैचों में 2315 रन, 167 वनडे मैचों में 6793 रन और टी20 इंटरनेशनल में 27.92 के औसत से 11 अर्धशतकीय पारियों के दम पर 1759 रन बनाए हैं। तीनों फॉर्मेट में उन्होंने कुल 24 शतक लगाए हैं।

# श्रीलंका में मौसम ने ली करवट, बाढ़ और भूस्खलन में 15 लोगों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में मौसम ने खतरनाक करवट ले ली है। बता दें कि इस द्वीप देश के दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के प्रभाव से मौसम की यर प्रतिकूल स्थिति पैदा हुई है। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने जानकारी दी कि ऐसे प्रतिकूल मौसम स्थिति के कारणर बाढ़, तूफान और भूस्खलन से जन-जीवन अस्त-व्यस्थ हो गया है। मौसम की इस खतरनाक करवट ने श्रीलंका में 15 लोगों की जान ले ली है। अभी मौसम के और खराब होने की आशंका जाहिर की गई है।



डीएमसी ने कहा कि देश में बाढ़, तेज हवाओं और भूस्खलन से 4,50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। इसने बताया कि सबसे अधिक 10 मौतें पूर्वी प्रांत में हुईं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी प्रांत में कहर बरपाने वाला चक्रवाती तूफान शनिवार को बाद में भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की ओर बढ़ेगा। इसके बाद देश में मौसम की स्थिति में सुधार हो सकता है।

मौसम विभाग ने कहा कि हालांकि, उत्तर, उत्तर मध्य और पूर्वी त्रिंकोमाली जिलों में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश की संभावना है। देश के कुछ हिस्सों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। इस बीच, पुलिस ने बताया कि उसने पूर्वी शहर समनथुराई में ट्रैक्टर पर जाते समय बाढ़ के कारण हुई छह छात्रों की मौत के मामले में एक स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य ने बस नहीं होने के कारण छात्रों को ट्रैक्टर से जाने के लिए कहा था। (भाषा)

# भारत और ऑस्ट्रेलिया सीरीज का दूसरा टेस्ट डे-नाइट पिंक बॉल टेस्ट बारिश के कारण हुआ रद्द

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. सीरीज का दूसरा टेस्ट डे-नाइट पिंक बॉल टेस्ट होगा. इस मैच की तैयारी के लिए टीम इंडिया को प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय वॉर्म अप मैच खेलना था. वॉर्म अप मुकाबले की शुरुआत आज यानी 30 नवंबर, शनिवार से होनी थी, लेकिन बारिश के चलते पहला दिन बगैर टॉस के ही रद्द हो गया.



मुकाबले का पहला दिन रद्द हो जाना टीम इंडिया के लिए भारी नुकसान साबित हो सकता है. ऐसा इसलिए क्योंकि अब भारतीय टीम को पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी के लिए वॉर्म अप मैच में सिर्फ एक ही दिन मिलेगा. मुकाबला मनुका ओवल में होना है, जहां बारिश टीम इंडिया के लिए विलेन बनती हुई नजर आ रही है. पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे दिन दोनों टीमें 50 ओवर का मैच खेलेंगी यानी दोनों टीमों को दूसरे दिन 50-50 ओवर खेलने हैं. इस तरह से टीम इंडिया को बैटिंग और बॉलिंग दोनों ही डिपार्टमेंट में 50-50 ओवर मिलेंगे.

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में खेला गया था. पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है. भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में पहला टेस्ट 295 रनों से जीता था. जसप्रीत बुमराह सीरीज में टीम इंडिया के उपकप्तान हैं, जबकि रोहित शर्मा नियमित कप्तान हैं. रोहित शर्मा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के चलते सीरीज के पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे, जिसके चलते जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी. बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने अच्छा परफॉर्म किया था.

# प्रथम पेज का शेष....

***महाराष्ट्र : एकनाथ शिंदे को ...***

हालांकि, उनकी पार्टी और सांसद बीजेपी सरकार को बाहर से समर्थन देंगे। इन तीन शर्तों ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है। ये भी कहा जा रहा है कि शिंदे की इन शर्तों की वजह से ही महाराष्ट्र में कैबिनेट की रूपरेखा तैयार करने में देरी हो रही है। गांव जाकर शिंदे ने बढ़ाया सस्पेंस- दिल्ली से लौटने के बाद शिंदे ने अचानक मुंबई की बैठक छोड़कर सतारा स्थित अपने गांव का रुख कर लिया। शिंदे के करीबी कहते हैं कि जब भी शिंदे कोई बड़ा फैसला लेने वाले होते हैं, तो वे अपने गांव जाते हैं। इससे सियासी हलचल और तेज हो गई है। अब भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की महायुति में अगले कदम पर सबकी नजरें टिकी हैं।

***2024 बैच के आईएएस...***

और उन्हें भी छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित हुआ है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट 16 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया था, परीक्षा कुल 1139 पदों के लिए आयोजित हुई थी, जिसमें पहली सूची में 1016 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, बाद में 25 अक्टूबर 2024 को रिजर्व लिस्ट जारी की गई, जिसमें 120 अतिरिक्त अभ्यर्थियों के नाम शामिल थे।

***सीएम साय की मौजूदगी में बैठक....***

यह भी तय हुआ है कि मिलर पुराने बारदाने मार्कफेड को देंगे। धान के परिवहन व्यय संबंधी विषय पर भी बात हुई है।

कार्यकारणी की बैठक में होगा फैसला- इस संबंध में राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा है कि,  शनिवार को बिलासपुर में एसोसिएशन की बैठक में वह सारी बातें कार्यकारिणी के समक्ष रखी जाएंगी जो आज की बैठक में हुई है। इसके बाद कार्यकारिणी जो तय करेगी जिसमें सबकी सहमति होगी वही एसोसिएशन का फैसला होगा। एसोसिएशन का फैसला वही होगा जो कार्यकारिणी तय करेगी। योगेश अग्रवाल ने कहा है कि मिलरों से बारदाना देने कहा गया है इस पर फिलहाल सहमति है।

***छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती निरस्त...***

0 परेशान उम्मीदवारों ने लगाई अवमानना याचिका- शासन के रवैए के खिलाफ डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा था कि 21 दिनों के भीतर बीएड अभ्यर्थियों को बाहर कर केवल डीएड अभ्यर्थियों की नई चयन सूची तैयार कर कोर्ट में पेश की जाए।

0 हाईकोर्ट ने शासन को दिया अंतिम मौका- हालांकि, तय समय सीमा बीतने के बाद भी सूची जमा नहीं की गई। जिस पर मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। वकील के तर्कों को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि, केवल समय बर्बाद किया जा रहा है। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को अंतिम अवसर दिया है।

0 शासन का बहाना, व्यापम ने नहीं भेजी है सूची- सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि चयन सूची तैयार करने के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल को पत्र भेजा गया है, लेकिन मंडल ने अब तक सूची नहीं भेजी है। साथ ही, पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का भी उल्लेख किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार को सात दिन के भीतर डीएड अभ्यर्थियों की नई चयन सूची तैयार कर पेश करने का निर्देश दिया है।

***विधायक नरेश बाल्यान गिरफ्तार....***

इस बात की जानकारी नंदू को मिल जाने पर उसका विधायक से विवाद बढ़ गया था। इस पर नंदू ने जब विधायक को धमका दिया, तब विधायक ने बातचीत का वीडियो वायरल कर दिया था।

बीजेपी नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लगाए थे गंभीर आरोप- इससे पहले, भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि इनके सबसे बड़े समर्थक गैंगस्टर हैं। एक एमएलए वसूली का रैकेट चला रहा है। नरेश बाल्यान वसूली एमएलए हैं। गैंगस्टर के साथ बातचीत कर रहे हैं। ऐसा व्यवहार है कि एक माता के दो भाई। भाजपा ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि एमएलए ने कहा कि फलाना बिल्डर से पैसे वसूल लें।

बीजेपी आप को परेशान करने में जुटी- संजय सिंह- नरेश बाल्यान को हिरासत में लिए जाने पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा- जब से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की खस्ता हाल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए तब से केंद्र सरकार, बीजेपी और अमित शाह बौखला चुके हैं और केजरीवाल जी और आम आदमी पार्टी के विधायकों को परेशान करने पर तुली हुई है। आज दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टरों और वसूली कॉल के पीड़ित क्कस्न नरेश बाल्यान जी को गिरफतार कर लिया। लेकिन मैं बता दूं कि बीजेपी और दिल्ली पुलिस का यह रवैया हमारा मनोबल नहीं तोड़ पाएगा।

गिरफ्तारी से पहले यह बोले थे विधायक- इस बारे में शनिवार दोपहर जब नरेश बाल्यान से बात की गई तो उन्होंने इसे भाजपा की साजिश बताया था।उन्होंने कहा था कि यह आडियो दो वर्ष पुरानी है।इस पर उन्होंने केस भी किया हुआ है।उनका कहना था कि भाजपा द्वारा दावा किया जा रहा है कि वह (नरेश) ही आडियो में बात कर रहे हैं।लेकिन यह झूठ है। देश के बाहर से गैंग चला रहा है कपिल सांगवान- कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू नजफगढ़ इलाके का रहने वाला है और फिलहाल देश से बाहर है।उसके खिलाफ 20 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। हरियाणा के बहादुरगढ़ के नफे सिंह हत्याकांड और भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला हत्याकांड का वह मास्टरमाइंड है। वह पांच वर्ष से विदेश में बैठकर गैंग चला रहा है।

***चक्रवाती तूफान 'फेंगल' ...***

बीच उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार करने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इस चक्रवाती तूफान की हवा की रफ्तार 70-80 किमी प्रति घंटा होगी और आज शाम को यह बढ़कर 90 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इससे पहले यह 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था और बाद में रफ्तार धीमी होकर सात किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रही है। विभाग ने चक्रवात के आने के समय अतिवृष्टि होने का अनुमान लगाया है। इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस दौरान मध्यम से तीव्र और भारी से अतिवृष्टि होने का अनुमान जताया गया है।

***छत्तीसगढ़ में सीबीआई ने...***

रायपुर में पहली बार रिश्वतखोरी केस में ष्टत्रस्ञ्ज अफसर की गिरफ्तारी हुई है। हालांकि, मध्यप्रदेश के इंदौर में 28 नवंबर को जीएसटी अधिकारी केपी राजन को सीबीआई ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई भी सीबीआई ने की थी।

0 8 नवंबर को कॉल और वॉट्सऐप पर नोटिस- 8 नवंबर को कारोबारी राहुल के वॉट्सऐप पर इंस्पेक्टर मलिक ने कॉल किया और कहा आपके जीएसटी की राशि में बहुत गड़बड़ी हुई है। आप फौरन सीजीएसटी के दफ्तर में आ जाइए। साथ ही वॉट्सऐप पर नोटिस भी भेजा। नोटिस में करीब 1 लाख 21 हजार रुपए का हिसाब-किताब नहीं होना बताया। 0 सीबीआई ने पहले स्टिंग फिर गिरफ्तार किया- व्यापारी के मुताबिक दोनों ही अफसरों ने इसमें ब्याज जोड़कर 3 लाख का जुर्माना लगाने की बात कही। इसके बाद कारोबारी ने सीबीआई की मदद से स्टिंग करवाया और उसकी जांच की। बाद में शुक्रवार की शाम को सीजीएसटी ऑफिस में दोनों अफसरों को घूस लेते गिरफ्तार किया गया।

***अरविंद केजरीवाल पर फिर अटैक...***

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बीजेपी से दिल्ली की जनता ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेगी. पिछली बार उन्हें 8 सीटें मिली थीं, इस बार दिल्ली के लोग बीजेपी को शून्य सीटें देंगे. दिल्ली के मंत्री और वरिष्ठ आप नेता सौरभ भारद्वाज ने भगवा पार्टी को चेतावनी दी है कि अगर केजरीवाल को कुछ हुआ तो परिणाम भुगतने होंगे. कथित हमलावर की एक तस्वीर साझा करते हुए, भारद्वाज ने दावा किया कि हमलावर सीधे तौर पर भाजपा से जुड़ा हुआ है.

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से क्षेत्र को मिली विकास की नई दिशा- दीपक चौहान



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व नगर निगम पार्षद दीपक चौहान ने डॉ. रमन सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 3.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने हमेशा क्षेत्र की आवश्यकताओं को समझा है और विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। यह स्वीकृति उनके संकल्प और जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

श्री चौहान ने कहा कि इस राशि का उपयोग क्षेत्र की सड़कों और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं में सुधार का लाभ मिलेगा। उन्होंने विस्तार से बताया कि इन 3.38 करोड़ रुपये से 11 सड़कों और विस्तृत परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इनमें अछोली मंदिर से सड़क तक 82.74 लाख रुपये, धनगाँव से लिटिया तक 6.73 लाख रुपये, और अन्य कई क्षेत्रों की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इन सभी कार्यों से न केवल यातायात सुगमता में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का बेहतर जुड़ाव भी सुनिश्चित होगा।

श्री दीपक चौहान ने कहा कि डॉ. रमन सिंह का यह कदम क्षेत्रवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

उन्होंने इस योजना को भविष्य में और भी व्यापक रूप देने के लिए डॉ. सिंह के मार्गदर्शन की प्रशंसा की। इसके साथ ही श्री चौहान ने सभी नागरिकों और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। अंत में, दीपक चौहान ने डॉ. रमन सिंह जी का पुनः धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रेरणा है। यह स्वीकृति जनता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और विश्वास का प्रतीक है।

## गंडई महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय स्वर्गीय पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में 29 नवंबर शुक्रवार को महाविद्यालय के आईक्यूएसी, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं/ भूतपूर्व छात्र-छात्राएं प्राध्यापक एवं अभिभावक आदि रक्तदाताओं ने कुल 56 यूनिट रक्तदान किये। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एन.एस.वर्मा, टी एल वर्मा, रेड क्रॉस प्रभारी प्रोफेसर कौशिक, आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर बी आर वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रोफेसर पी.के.अमिला, चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा एवं महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याताएं, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छ.ग. राजभाषा दिवस पर 'देहरी में दीया बार दन' की हुई गूंज







राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइंस रायपुर में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भर से पधारे छत्तीसगढ़ी के कवि साहित्यकारों द्वारा एक बार फिर छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग मुखर हुई। इस बार राजभाषा आयोग के पूर्व सचिव व सुप्रसिद्ध कवि/साहित्यकार पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाना और इसके अलावा अन्य कुछ मंजूर नहीं बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय व रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के आगमन के पूर्व आयोग के सचिव अभिलाषा बेहार के सुसंयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर दुर्ग-भिलाई के कवि किशोर मिश्रा, बेमेतरा के रामानंद त्रिपाठी बालोद के डॉ. अशोक, आकाश आदि ने अपनी छत्तीसगढ़ी कविताओं से समां बांधा वहीं संस्कारधानी नगरी के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य से पूर्व

लोगों की पीड़ा इन शब्दों में चित्रित कि चल वो देहरी में दीया बार दन, घर के कोई रखवार नहीं हे, इस अवसर पर उपस्थित डॉ. राम कुमार बेहार, पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, श्रीमती शशि दुबे, पीसी लाल यादव, सुशील भोले, कुबेर साहू , शकुंतला तरार आदि वरिष्ठ कवि साहित्यकारों ने श्री कोशा के उक्त रचना की भरपूर सराहना की वहीं हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। इस अवसर पर सचिव अभिलाषा बेहार ने आयोग के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कवि एवं गीतकार पं. दानेश्वर शर्मा के 'तपतड कुरु' गीत का स्वर पाठन कर मूर्धन्य साहित्यकार स्वर्गीय शर्मा जी को याद को जीवंत किया।डोंगरगढ़ से पधारे कवि अमृत दास साहू ने वृद्ध माता-पिता को सम्मान देने वाली कविता तथा सुरगी के कवि/साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर ने सुरमई कविता पढ़कर लोगों को विमोहित किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया और साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक, छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ी लोकाक्षर, छंद के छः परिवार छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय कवि संगम के सदस्य ओमप्रकाश साहू अंकुर की गद्य कृत 'पुरखा के सुरता' का विमोचन किया है सम्मान प्रदान किया। ओमप्रकाश साहू अंकुर को इस उपलब्धि पर प्रदेश सहित जिले के साहित्यकारों, कलाकारों और, मित्रों, शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# कॉन्फ्लुएंस में विश्व सेवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




राजनांदगांव(दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय मे 08 नवंबर 2024 को विश्व सेवा दिवस मनाया गया, जिसमें 'सार्वजनिक सेवाएं और विकास' थीम पर गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण का जश्न मनाना है, विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान को उजागर करना, लोकसेवकों के काम को मान्यता देना और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना। वाणिज्य विभाग के छात्रों ने इस विश्व सेवा दिवस के अवसर पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम ने छात्रों को अपने देश के प्रति युवाओं के कौशल का प्रदर्शन करने का मौका दिया। इसका आयोजन जागरूकता फैलाने, ज्ञान साझा करने, सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस भी इन्हीं महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों मे सार्वजनिक सेवा के मूल्यों और नैतिकता को बढ़ावा देना हैं। इसमें छात्रों को समाज के प्रति दुनिया में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करना हैं।

# पतंजलि योग ट्रस्ट द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न



आगामी समय में शीघ्र अतिशीघ्र भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन भी किया जाना है - स्वामी रामदेव

**डोंगरगढ़ (दावा)। पतंजलि योग ट्रस्ट द्वारा मुख्य प्रशिक्षक योग प्रशिक्षण शिविर 23 नवंबर से 27 तक पांच दिवसीय शिविर हरिद्वार में लगाया गया था। समृद्ध ग्राम शिविर के नाम से संपूर्ण भारत के योग प्रशिक्षकों पुरुष वर्ग को इस शिविर में भाग लेने की अनुमति थी।**

शिविर में मां बमलेश्वरी नगरी डोंगरगढ़ योग समिति के अध्यक्ष संतोष टेंमरे के नेतृत्व में योग प्रशिक्षकों ने शिविर में भाग लिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ उड़ीसा गुजरात व मध्यप्रदेश के करीब 500 से अधिक एवं छत्तीसगढ़ से 120 योग साधकों ने भाग लिया। इसके बाद एक और शिविर होना है इसके पूर्व एक पांच दिवसीय शिविर हो चुका है।

श्री टेमरे के अनुसार शिविर में योग की बारीकियों के साथ-साथ योग ग्राम रिसर्च सेंटर व पतंजलि के सभी ट्रस्टों के बारे में जानकारी दी गई है। वैलनेस सेंटर योग ग्राम का भ्रमण भी साधक कर चुके हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न आयुर्वेदिक दवाइयों के द्वारा गंभीर से गंभीर बीमारियों के उपचार के गुरु भी सिखाए गया।इस द्वितीय शिविर में बाबा रामदेव ने योग प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी समय में शीघ्र अतिशीघ्र भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन भी किया जाना है इस संबंध में प्रशिक्षकों से भी सुझाव मांगे गए हैं तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई है शिविर के संबंध में श्री टेमरे ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण लेकर अधिकतर प्रशिक्षक अपने क्षेत्र में योग की अलख जगाएंगे बड़ी संख्या में साधक विशेष रूप से शिविर का लाभ लिया हैं बताया गया कि आगामी शिविर 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक का होगा जिसमें आंध्र प्रदेश तेलंगाना केरल कर्नाटक उत्तर व दक्षिण तमिलनाडु से योग प्रशिक्षक भाग लेंगे। श्रीनिवास जनबंधु सहित अन्य योग प्रशिक्षक शिविर का आनंद लिया।

# छत्तीसगढ़ी भाषा का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य - डॉ.शंकर मुनि राय



**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ी कविता और जनउला प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।**

प्राचार्य डॉ. किरणलता दामले की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय सहित हिंदी विभाग के सहयोगी प्राध्यापक डॉ.प्रवीण कुमार साहू, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ.गायत्री साहू, कौशिक बिशी सहित मनोवैज्ञानिक डॉ. श्रुति खरे, शोधार्थी बिन्दु डनसेना और विद्यार्थियों ने राजभाषा छत्तीसगढ़ी के बारे में अपने विचार प्रकट किए। साथ ही छत्तीसगढ़ी कविता का स्वयं पाठ भी किये। डॉ.नीलम तिवारी ने एक अंग्रेजी बाल कविता का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद करके सुनाया।

हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी माता और सरस्वती जी की पूजा और राजगीत के गायन से किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का सम्मान अपनी महतारी की तरह करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए मर्यादित बोली-बानी में लिखना-पढ़ना और कार्यालयीन काम करने की आदत बनाना जरूरी है। इस अवसर पर आयोजित काव्यपाठ प्रतियोगिता के विजेता मनीष टांडेकर, प्रशांत, विनय वासनिक, हरेंद्र और प्रीति गेंड्रे को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गये। कार्यक्रम का संचालन हिंदी साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष मनीष टांडेकर और जनउला प्रतियोगिता का संयोजन शोधार्थी बिन्दु डनसेना ने किया। आभार प्रदर्शन श्री कौशिक बिशी ने किया।

# ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। क्रेडा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण एवं सुरक्षा की जानकारी तथा नवीनतम तकनीकों को अवगत कराने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों के साथ कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। कार्यशाला से प्राप्त जानकारी से कृषक सौर कृषि पंप का चयन, संचालन व संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण में अधिक दक्षता से कर सकेंगे। कार्यशाला में कोमल सिंह राजपूत एवं शक्ति केन्द्र प्रभारी गुरुशरण सिन्हा, तेज प्रकाश सिन्हा, कार्यशाला में क्रेडा जोनल कार्यालय के कार्यपालन अभियंता इन्दुभूषण साहू, जिला प्रभारी क्रेडा श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, उप अभियंता मेघराज साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी डॉ. गुंजन झा एवं क्रेडा विभाग के स्टॉनऊ धीरज वर्मा, मनीष सोनवानी, दीपक सिन्हा सहित कृषक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला संपन्न



नागरिकों को मिली स्वास्थ्य सुविधाएं, 2 हजार 566 से अधिक नागरिकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा जनसामान्य के लिए आयुष विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वस्थ रहने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है और ईलाज की व्यवस्थाएं की जा रही है। आयुर्वेद, होम्योपैथी, युनानी एवं योग चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रखने और स्वस्थ करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर इससे लाभान्वित हो रहे है। इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 2566 लोगों ने पंजीयन कराया और चिकित्सकीय ईलाज एवं आवश्यक सलाह ली। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने बताया कि राजनांदगांव जिले में कुल 30 आयुष संस्थाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 23 आयुर्वेद औषधालय, 2 होम्योपैथी औषधालय, 1 आयुष विंग जिला चिकित्सालय, 1 आयुष पॉलीक्लीनिक चिखली एवं 3 स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर्स शामिल हैं।

जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जिले की कुल 30 आयुष संस्थाओं का संचालन आयुष विभाग के निर्देशन एवं नियंत्रण में किया जाता है। आयुषविंग का नियंत्रण सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय राजनांदगांव, स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टर सेंटरों का संचालन संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा किया जाता है। मैदानी क्षेत्रों में स्थापित आयुर्वेद एवं होम्योपैथी का संचालन पूर्णतः जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय द्वारा संचालित किया जाता है। आयुष औषधालयों द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शिविरों तथा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविरों का आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जाता है। आयुष संस्थाओं के माध्यम से आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से रोगियों को चिकित्सा लाभ लेकर निःशुल्क औषधियां प्रदान की जा रही हैं। आयुषविंग व स्पेशिलाईज्ड थेरेपी सेन्टरों में औषधियों के साथ-साथ पुरूष व महिला रोगियों हेतु अलग-अलग पंचकर्म सुविधा उपलब्ध है, जिसका लाभ जन सामान्य द्वारा लिया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुष मिशन अन्तर्गत संचालित योजनाओं के तहत मैदानी स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन समय-समय पर कराया जाता है। शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत योगा चिकित्सक पदस्थ हैं, जिनके द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाता है तथा योग के प्रचार-प्रसार के संबंध में विशेष जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही यहां यूनानी चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध है। यूनानी चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोगियों को यूनानी चिकित्सा पद्धति की निःशुल्क औषधियां वितरीत की जाती है। समस्त आयुष औषधालय एवं संस्थाएं शासकीय भवन में संचालित हैं, कुछ संस्थाओं का भवन निर्माण प्रक्रियाधीन है तथा कुछ संस्थाओं का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत जिले में कुल 16 आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रारंभ किये गये हैं, जिसमें जनमानस को बेहतर चिकित्सा का लाभ प्राप्त हो रहा है, वहीं 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर योग की सुविधा उपलब्ध है। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि आयुर्वेद ग्राम योजना अंतर्गत जिले में संचालित औषधालयों का चयन कर ग्राम के नागरिकों को विभिन्न शिविर स्थानीय औषधीय पौधों का वितरण कर उनका उपयोग बताना इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम किये जाते है। आयुषदीप समिति अंतर्गत औषधालयों हेतु उपसमिति का गठन कर औषधालयों का उन्नयन करने के साथ प्रत्येक उपसमिति को शासन द्वारा प्रतिवर्ष 25 हजार रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा आयुष मेला योजना के माध्यम से प्रत्येक विकासखंड में 2 एवं जिला स्तर पर 1 आयुष मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन कर उपचार एवं आयुष योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत आयुष औषधालयों के उन्नयन एवं योगा वेलनेस सेन्टर के माध्यम से योग के प्रति जनसामान्य को प्रोत्साहित किया जाता है। योजना के तहत प्रदेश में 9 नये राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से 89 हजार 286 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के फ्लैक्सी मद अंतर्गत जिले के 1206 विद्यालयों के 89 हजार 286 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इसके अंतर्गत 791 प्राथमिक शाला के 52 हजार 533 बच्चों एवं 415 माध्यमिक शाला के 36 हजार 753 बच्चों को पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन के लिए सामग्री पैकेट का सुरक्षित भण्डारण, परिवहन एवं उपयोग सहित अन्य व्यवस्था जिला स्तर से की जाएगी। जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर द्वारा नामांकित अधिकारी संयुक्त कलेक्टर (वित्त), जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनादगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़ समिति के सदस्य है। यह समिति समय-समय पर योजना की मॉनिटरिंग करेंगी।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिले के मध्यान्ह भोजन संचालित सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्याथियों को पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट, चिक्की, मोरंगा बार प्रदान किया जाएगा। इसके तहत सत्र शिक्षा सत्र 2024-25 में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को फ्लेक्सी मद अंतर्गत माह दिसम्बर 2024 से माह अप्रैल 2025 तक सप्ताह में 3 दिन (कुल 51 दिन) पूरक पोषण आहार के रूप में प्रत्येक बच्चों को 20 ग्राम मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट, चिक्की, मोरेंगा बार प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को प्रदाय एजेंसी बनाया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में एकल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



डोंगरगढ़ (दावा)। गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप के अंडर 12 में एकल वाल्दे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। नगर के वार्ड क्रमांक एक गुरुदेव रेजीडेंसी में निवासरत उज्ज्वल व डॉ. कंचन वाल्दे के पुत्र एकल ने सात से दस नवंबर तक गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।

इसमें केनिया, भूटान, कजाकिस्तान, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्पेन, श्रीलंका, ईरान, ताजिकिस्तान, पुर्तगाल, नेपाल, फ्रांस, श्रीलंका, इटली, साउथ अफ्रीका सहित 30 देशों के लगभग 7000 खिलाड़ियों ने विभिन्न कैटेगरी में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। एकल ने अपने आयु वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शहर, खालसा पब्लिक स्कूल को गौरवान्वित किया है।

# संगीत विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की शिक्षा ले रहे मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र



खैरागढ़ (दावा)। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र कलाकार इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारीकी से अध्ययन कर गीत-संगीत सीख रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं नाट्य विभाग तथा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार 16 नवंबर 2024 से सोमवार 16 दिसंबर 24 तक एक माह का अध्ययन-अध्यापन भ्रमण वर्कशॉप का आयोजन किया गया है।

वर्कशॉप के तहत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के निर्देशक टीकम जोशी के निर्देशन में छात्रगण विश्वविद्यालय में रूककर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य जैसे पंथी, पंडवानी, नाचा, सुआ, ददरिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी लोक गीत-संगीत का गहन अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ ही छात्रों द्वारा इसका मंचन भी किया जा रहा है।

सोमवार 18 नवंबर को मोहनदास चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मंगलवार 19 नवंबर को चेतन देवांगन के मार्गदर्शन में पंडवानी की प्रस्तुति हुई। बुधवार 20 नवंबर को पुनम विराट के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति तथा गुरुवार 21 नवंबर को डॉ परमानंद पांडेय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी के पर्व गीतों पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।। विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के सहयोग से रविवार 24 नवंबर को छात्रगण ग्राम करमतरा पहुंचे, जहां के प्रसिद्ध शिव भोला नाचपार्टी मंचन देखकर इससे अवगत हुये। बुधवार 27 नवंबर को कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने भोपाल से पहुंचे इन छात्र कलाकारों के वर्कशॉप का अवलोकन किया। इस दौरान लोकसंगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ योगेन्द्र चौबे मौजूद रहे। अवलोकन के दौरान छात्रों के द्वारा शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसकी सराहना की गई। कुलसचिव ने छात्र कलाकारों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारिकी से अध्ययन कराने की बात कही। वर्कशॉप के अंत में छात्रों के द्वारा रविवार 15 एवं सोमवार 16 दिसंबर को खैरागढ़ में तथा गुरुवार 19 एवं शुक्रवार 20 दिसंबर को भोपाल में छत्तीसगढ़ी नाट्य मंचन किया जायेगा।

# चार शहरों में चलेंगी ई-बस: मुख्यमंत्री के निर्देश पर यात्रियों को मिलेगी इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा






रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में कुल 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सुडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ई-बस सेवा प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा। कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता के साथ ही नागरिकों को आरामदायक आवागमन की सुविधा सुलभ होगी। इसे शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। सार्वजनिक परिवहन की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका एक बड़ा हिस्सा शहरों में बस डिपो एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी अधोसंरचना विकास के लिए भी खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। शहरों की जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने सड़कों पर इन ई-बसों को उतारने की तैयारियां तेज करते हुए चारों शहरों में बस डिपो और बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर करते हुए निविदा आमंत्रण की भी अनुमति दे दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने चारों शहरों में ई-बस सेवा के संचालन के लिए अलग-अलग गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए निविदा आमंत्रित करने कहा है। सुडा द्वारा रायपुर में बस सेवा प्रारंभ करने के लिए बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को 14 करोड 33 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इसमें आठ करोड़ 60 लाख रुपए का केन्द्रांश और पांच करोड 73 लाख रुपए का राज्यांश शामिल है। सुडा ने बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी 12 करोड 90 लाख रुपए मंजूर किए हैं। दुर्ग-भिलाई में ई-बसों हेतु बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए दुर्ग-भिलाई अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को छह करोड़ 73 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सुडा द्वारा जारी की गई है।

इसमें चार करोड़ चार लाख रुपए का केन्द्रांश और दो करोड़ 69 लाख रुपए का राज्यांश शामिल है। वहां बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 करोड़ दो लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। बिलासपुर में बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बिलासपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को आठ करोड़ 37 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें पांच करोड़ दो लाख रुपए का केन्द्रांश और तीन करोड़ 35 लाख रुपए का राज्यांश शामिल है। बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए तीन करोड़ आठ लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इसी तरह कोरबा में बस डिपो के सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कोरबा अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को सात करोड़ 19 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इसमें चार करोड़ 31 लाख रुपए का केन्द्रांश और दो करोड़ 88 लाख रुपए का राज्यांश शामिल है। बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए वहां तीन करोड़ 78 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

### चार श्रेणियों में बांटा गया है शहरों को, जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की गई हैं बसें

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। 20 लाख से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, दस से बीस लाख और पांच से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों को 100-100 तथा पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 ई-बसों की पात्रता है। इसके आधार पर रायपुर को 100 मीडियम ई-बसों, दुर्ग-भिलाई को 50 मीडियम ई-बसों, बिलासपुर को 35 मीडियम और 15 मिनी ई-बसों तथा कोरबा को 20 मीडियम एवं 20 मिनी ई-बसों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बसों का क्रय तथा संचालन एजेंसी का चयन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

# नए बस स्टैंड में बुजुर्ग महिला की मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

## महिला के सिर में चोट के निशान, हत्या की आशंका



डोंगरगांव (दावा)। नगर के नये बस स्टैंड के समीप एक वृद्धा का शव बरामद हुआ है। इस बात की जानकारी लगते ही नगरवासी घटना स्थल पर पहुंचकर महिला की शिनाख्त करने में जुट गए, वहीं पहचान होने पर संबंधित परिजनों को घटना स्थल पर बुलाया गया, पुलिस इस मामले में सभी एंगल से जांच कर रही है और प्रथम दृष्टया के अनुसार इसे हत्या का मामला बताया जा रहा है।

घटना की जानकारी पूरे डोंगरगांव में आग की तरह फैल गई और मौके पर नगरवासियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला के शव को सुबह करीब साढ़े चार बजे बिजली विभाग के एक कर्मचारी के द्वारा लघुशंका जाने के दौरान देखा गया। जिसके बाद इसकी जानकारी डोंगरगांव थाने में दी गई। वृद्ध महिला के साथ घटना को अंजाम देने के बाद उसके शव को नगर के नये बस स्टैंड काम्प्लेक्स के पीछे सुनसान इलाके में अपराध छुपाने के उद्देश्य से ठिकाने लगाने का प्रयास किया गया।

उक्त महिला की पहचान रूखमणी साहू के रूप में हुई है, नये बस स्टैंड के समीप निवास करती थी। उसे कुछ दिनों पहले ही प्रधानमंत्री आवास बनकर मिला था और मटिया रोड स्थित एक प्रायव्हेट स्कूल के समीप छोटा से ठेला लगाकर जीवन यापन करती थी। उक्त महिला अकेली रहती थी और वह एमपी डेलीनीड्स के संचालक की माता है। उसके 4 पुत्र हैं उनमें से एक पुत्र एक-दो दिनों में मुलाकात करता रहता था। उनके पुत्र लेखराज साहू ने बताया कि प्रतिदिन की तरह उनकी माता सुबह पानी भरने नये बस स्टैंड के समीप शुलभ शौचालय के पास लगे नल से पानी भरने गई थी, उनकी किसी से कोई दुश्मनी नही थी। वहीं घटना के बाद से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है, इधर पुलिस, एफएसएल व डाग स्क्वायड लूट-मार सहित अन्य एंगल से जांच प्रारंभ कर दी है। डोंगरगांव पुलिस धारा 103 बीएनएस के तहत मामले की जांच कर रही है।

नया बस स्टैंड है नशेडियों का अड्डाः शहर का नया बस स्टैंड वर्तमान में नशेडियों का अड्डा बना हुआ है। जहां लगभग सभी प्रकार के नशे का सामान आसानी से उपलब्ध हो जाता है। बता दें कि शाम होते ही यह स्थान सुनसान हो जाता है और केवल नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। घटना से अंदाजा यही लगाया यही लगाया जा रहा है कि नशे और अकेली महिला देखकर लूटमार करने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया गया होगा। हालांकि पुलिस नये बस स्टैंड सहित नगर में गस्त की बात कह रही है लेकिन प्वाईट नहीं लगाया जाता। जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ रहा है।

### तड़के ही स्ट्रीट लाईट हो जाती है बंद

वर्तमान में ठंड का मौसम है और नगर के बहुत से लोग टहलने निकलते हैं, ऐसे में नगर का स्ट्रीट लाईट काफी सुबह ही बंद कर दिया जाता है। वहीं जब ऐसी कोई बड़ी घटना होती है, तब इन सभी अव्यवस्थायें सामने आती है, इधर नगर में लाखों रूपए की लागत से सीसीटीव्ही लगाया गया है किन्तु वह फिलहाल मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़े है। त्रिनेत्रम के लिए बकायदा समिति बनाई गई है बावजूद इसके कैमरों का बंद होना समिति की उदासिनता को दर्शाता है, इस तरह की बड़ी घटनाओं में सीसीटीवी की अहम भूमिका हो जाती है लेकिन ये कैमरे बंद पड़े हैं।

> सुबह एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ है, प्रथम दृष्टया हत्या का मामला समझ आ रहा है। महिला के सिर के दाहिने ओर चोट के निशान है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाती है और उन पर कानूनी कार्यवाही भी होती है।
>
> **- राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव**

### हथियार के साथ नगर में घुमते हैं नशेड़ी

नगर में देवार मोहल्ला सहित अन्य मोहल्ले के नशेड़ी ग्रुप बनाकर शहर में दहशत फैलाने के उद्देश्य से घुमते नजर आ जाएंगे और अपने इस शौक को पुरा करने के लिए अपराध को भी अंजाम देने में पीछे नहीं हटेंगे। इस मामले को लेकर पहले भी खबरें प्रकाशित की गई थी। अनेक बार ऐसी शिकायतें प्राप्त होती है और अपराधी किस्म के व्यक्तियों को हथियार के साथ घुमते देखा गया है।

# जिला पंचायत सदस्य श्यामकर ने 8 गांव के मितानिनों का किया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। शुक्रवार को ग्राम बखत रंगकठेरा में 8 गाँव के लगभग 100 मितानिन दीदिओं सहित गाँव के बुजुर्गो का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता जनपद सदस्य गणेश साहू थे। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर थे। अध्यक्षता महामंत्री घुमका मंडल परदेशी सोनबोइर विशिष्टअतिथि डिगेन्द्र सिन्हा ने की।

मुख्यअतिथि राजेश श्यामकर ने कहा की मितानिन दीदी जो काम करती है वो काम नहीं बल्कि मानवता की सेवा है। और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। जिस कोरोना काल में डॉक्टर इलाज के लिए हिचक रहे थे अस्पताल में भर्ती नहीं ले रहे थे ऐसी समय में हमारे मितानिन दीदी जिस तत्परता से कार्य किया है उसका कोई दूसरा मिशाल नहीं हो सकता। मितानिन दीदी अपने स्वस्थ की चिंता नं कर गाँव के प्रत्येक नागरिकों को समय समय पर इलाज दवाई जाँच जैसे अनेक सुविधा करवाते है। श्री श्यामकर ने कहा की हमारी भाजपा की सरकार को मितानिन दीदिओं की चिंता है भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने मितानिनों की चिंता कर मानदेय की राशि सीधा खाते में महीने की महीने पहुंचाने का काम किया है। मुख्यअतिथि श्यामकर के हाथो से सभी मितानिन दीदिओ को साड़ी, श्रीफल व बीपी मशीन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर घुमका मंडल महामंत्री परदेशी सोनबोइर, जनपद सदस्य गणेश साहू, सरपंच श्रीमती लता कतलाम, योगेश खत्री, समाजसेवी डिगेंद्र सिन्हा, अशोक सिन्हा, महेश वर्मा, गोपाल साहू, बलराम वर्मा, भूषण साहू, देवेंद्र साहू, दीनदयाल मरकंडे, जोगी वर्मा, शारदा साहू, पूर्णिमा सिन्हा, श्यामलाल वर्मा, सर्वेश्वर दास उपस्थित थे।

# दर्राबांधा के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से पंचायत चुनाव के बहिष्कार

राजनांदगांव (दावा)। आश्रित ग्राम दर्राबांधा के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से पंचायत चुनाव के बहिष्कार का निर्णय किया गया है। ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से हर स्तर पर अलग पंचायत के गठन को लेकर आवेदन निवेदन किया जा रहा है जिसे जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार अनदेखा करती रही है। 8 अगस्त 2024 को जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपा गया। 10 अक्टूबर 2024 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को एवं कलेक्टर को पुनः आवेदन सौंपा गया। 22 अगस्त 2024 को समस्त ग्रामीणों ने एक बार पुनः विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिला कलेक्टर, पंचायत सीईओ एवं एसडीएम को पुनः पत्र सौंपकर आवेदन निवेदन किया गया। पर सभी के द्वारा ग्राम की मांग पर संवेदनहीनता दिखाई गई। यहां तक कहा गया कि हमें कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

विदित हो कि 2011 के जनगणना के अनुसार ग्राम दर्राबांधा की जनसंख्या 1300-1500 के बीच है। एवं मतदाताओं की संख्या लगभग 900 से 1000 हजार के बीच है। पंचायत ग्राम तेंदुनाला की भी आबादी एवं मतदाता संख्या लगभग इतनी ही है। ग्राम दर्राबांधा एक राजस्व ग्राम भी है। ग्राम पंचायत तेंदुनाला से दर्राबांधा की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है। जिसके चलते ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जैसे पंचायत सचिवालय के आवश्यक कार्य आदि। साथ ही विकास की अधिकांश योजनाओं में ग्राम दर्राबांधा को दोयम दर्जा प्राप्त होता है, उचित मूल्य की दुकान, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा एवं पशु चिकित्सा सेवा केंद्र तेंदुनाला में स्थित होने के कारण ग्राम दर्राबांधा के निवासी कई सुविधाओं से वंचित होकर विकास की दौड़ में पिछड़ चुके है।

विदित हो कि हाल ही में 25 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर द्वारा जिले के ग्राम बरगा (जनसंख्या-904), तोरणकट्टा (1391), अचानकपुर भांटापारा (1467), रींवागहन(899), मनकी (945), परमालकसा (880) को पंचायत का दर्जा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है जब इन गांवों को ग्राम पंचायत घोषित किया जा सकता है तो 1300 से अधिक आबादी वाले ग्राम दर्राबांधा के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है?

ग्रामीणों की मांग है यदि आश्रित ग्राम दर्राबांधा की आबादी तेंदुनाला से अधिक है एवं पंचायत घोषित होने के समस्त मापदंडों पर खरा बैठता है तो इसे पंचायत का दर्जा क्यों नहीं दिया जाता? शासन प्रशासन तर्कसंगत मांग को भी यदि पूरा नहीं करती तो लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया में गांव को शामिल ही नहीं करना चाहिए। इसी के चलते ग्रामीणों ने आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों (ग्राम, जनपद एवं जिला पंचायत) का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतंत्र में एक-एक व्यक्ति की आवाज सुनी जाती है उसे विकास के मुख्य धारा में शामिल किया जाता है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा एक पूरे के पूरे गांव को ही नजरअंदाज कर दिया गया है, ग्रामीणों को लोकतंत्र का महापर्व चुनाव को बहिष्कार करने पर विवश कर दिया गया है।

# आज एक थैला एक थाली संग्रहण महाअभियान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा गायत्री मंदिर से नगर भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल एवं नगर प्रचार प्रमुख आलोक शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के सेवाभावी पर्यावरण प्रेमियों संरक्षक युवाओं की संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव की टोली के एक थैला एक थाली जन संग्रहण अभियान के जिला संयोजक राकेश साहू, सहसंयोजक अनूप जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा सहसंयोजक सूरज गुप्ता शहर प्रमुख निकुंज सिंघल नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा जिला प्रचार प्रमुख मनीष यादव सहित अन्य सहयोगियों द्वारा आज प्रातः 10:00 बजे स्थान गायत्री मंदिर कामठी लाइन से नगर भ्रमण करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों एवं वार्डों में भ्रमण करते हुए सनातन संस्कृति के सबसे बड़े महाकुंभ को हरित कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ हेतु घर-घर से एक थैला एक थाली जन भागीदारी महाअभियान से संस्कारधानी राजनांदगांव के जन-जन से एक थैला एक थाली जन संग्रहण के माध्यम से एकत्रित कर हरित महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाने में संस्कारधानी वासियों का विशेष योगदान प्राप्त होगा। नगर के जन-जन व विभिन्न सेवाभावी संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं महिला मंडल एवं युवाओं की संस्था सहित संस्कारधानी वासियों का अपार सहयोग मिल रहा है संस्कारधानी वासियों ने ठाना है प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को हरित कुंभ बनाना है प्लास्टिक मुक्त कुंभ बनाना है।

> 0 सनातन संस्कृति के सबसे बड़े महाकुंभ को हरित कुंभ प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प
>
> 0 संस्कारधानी राजनांदगांव वासियों ने ठाना है प्रयागराज महाकुंभ में जायेंगे न खाली लेकर जाएंगे थैला और थाली

संस्कारधानी के जन-जन ने ठाना है कुंभ स्नान को जाएंगे एक थैला और एक थाली अपने साथ ले जाएंगे। नगर की सनसिटी परिवार की ओर से थाली कस्तूरबा महिला मंडल की ओर से इस महा अभियान में थाली व थैला आराधना महिला मंडल की ओर से थाली थैला खंडेलवाल महिला मंडल की ओर से श्रीमती शारदा तिवारी कस्तूरबा महिला मंडल अध्यक्ष अलका जानी, आराधना महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा बरडिया उपस्थित रहे थाली थैला का सहयोग खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल, स्वर्णकार समाज, अग्रवाल समाज खंडेलवाल समाज, ब्राह्मण समाज, सनसिटी एनएक्स परिवार, बाल रत्न मंच सेवा समिति की ओर से थाली व कपड़े का थैला नगर की सभी संस्थाओं की ओर से अपार जन प्राप्त हो रहा है उपरोक्त जानकारी जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल एवं नगर प्रचार प्रमुख आलोक शर्मा ने दी।

# लखोली रोड पर तेज रफ्तार डीई के नीचे आने से बाइक चालक की दर्दनाक मौत, दो बच्चे घायल



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को लखोली रोड में तेज रफ्तार डीई के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं बाइक में बैठे दो बच्चे बुरी घायल हो गए। उन्हें उपहार हेतु हास्पीटल भिजवाया गया है। घटना शनिवार सुबह 7 से 8 के बीच की बताई जाती है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में घटी उक्त घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि शनिवार की सुबह ठेलकाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम पदुमतरा निवासी 40 वर्षीय बेदराम बंजारे अपने दो पुत्र को लेकर बाईक में अपने ससुराल कन्हारपुरी आ रहा था। इस दौरान कन्हारपुरी पहुंचने से पहले लखोली के समीप बायपास रोड ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार से आ रही डी ई वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक घटना में वेदराम का सिर वाहन के चक्के के नीचे आने से बुरी तरह कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बच्चे बुरी तरह ज़ख्मी हो गए।

पुलिस ने आरोपी वाहन सीजी-08/एल 0733 को थाने लाकर खड़ा कर दिया गया है। वहीं चालक को फरार बताया जाता है। गाड़ी मालिक से उसके संबंध में पुछताछ की जा रही है । फिलहाल घटना के संबंध में अपराध कायम कर कार्रवाई में ले लिया गया है। वहीं मृतक का पीएम कराकर उसके परिजनों को सौप दिया गया है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदलाः कांग्रेस




कांग्रेस कमेटी की प्रेसवार्ता

राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में समर्थन दर पर धान खरीदी जिस रफ्तार से चल रही है। उससे लक्ष्य को प्राप्त करना लगभग संभव है। यह बात कहते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने आज प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से कहा है कि पूर्व में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की धान खरीदी नीति को उपार्जन केंद्रों में मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार ने बदल दिया है। इसी के साथ उन्होंने सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से किसानों से धान खरीदने के संबंध में 23 बातों में उन्होंने अपने बातें कही हैं।

शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छ.ग. की विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है, शनिवार, रविवार व सरकारी छुट्टी घटाकर कुल 47 दिन ही मिल रहे। इसका मतलब यह है कि प्रतिदिन सरकार का लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियों को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा है जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है।

धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटों खड़े रहते है। आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रूपए में करें क्योंकि 3100 रूपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रूपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रूपए से बढ़ाकर 3217 रूपए किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रूपए में धान खरीदी किया था। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास से अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सके। अब जो बदलाव हुआ हुआ है है उसके बाद बफर स्टॉक बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है।

धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को यानी समितियों/संग्रहण केन्द्रों में धान अब दो महीने तक रखा रहेगा। धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रूपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 100 नई राइस मिलें खुली थी। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रूपए को घटाकर 60 रूपए कर दिया है। इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है धान सोसायटी में जाम है।

मिलरों को 120 की जगह 60 रूपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, पंकज बांधव, विकास त्रिपाठी, मो. यहया, हनी ग्रेवाल, किशोर श्रीवास्तव, मनीष साहू आदि उपस्थित थे।


**दैनिक दावा**
**मासिक बिल**
माह-नवम्बर 2024

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 26 दिन | 4 /- | 104/- |
| 4 अवकाश | | |
| | योग | 104 /- |

व्यवस्थापक

**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

**प्लॉट बेचना है**
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :- 62641-56342


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com